




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच









वर्ष- 14 अंक - 134 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 26 फरवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-





## संपादकीय

# सियासत में हो संयम

दिल्ली में एक कांग्रेस प्रवक्ता को हवाई जहाज से उतारकर आनन-फानन में गिरफ्तार करना और सुप्रीम कोर्ट द्वारा राहत देने के प्रकरण ने कई सवालों को जन्म दिया है। कहना कठिन है कि प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई टिप्पणी जुबान फिसलने की घटना थी या इरादतन तंज किया गया था, लेकिन असम में दर्ज मुकदमे में दिल्ली पहुंचकर कार्रवाई करने की घटना में पुलिस की मुस्तैदी ने सबको चौंकाया है। सवाल उठा कि क्या अन्य गंभीर मामलों में भी पुलिस इतनी ही तत्परता दिखाती है? घटना यह भी बताती है कि देश में पुलिस सुधारों की आवश्यकता क्यों है। बहरहाल, हाल के दिनों में सरकार द्वारा अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर जो तल्ख रवैया अपनाया जा रहा है उसकी गूंज राजनीतिक हलकों में शिद्दत से महसूस की जा रही है। कांग्रेस के नेता आरोप लगा रहे हैं कि पार्टी के रायपुर अधिवेशन में बाधा डालने के प्रयास हुए हैं। आरोप है कि इससे पहले वहां ईडी की छापेमारी भी हुई थी। पार्टी का आरोप है कि कांग्रेस प्रवक्ता द्वारा कथित रूप से जुबान फिसलने की घटना पर खेद जताने के बाद भी पुलिस की कार्रवाई करना लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश लगाने का प्रयास है। जो राजनीतिक असहिष्णुता का ही परिचायक है। हाल के दिनों गुजरात दंगों पर डॉक्यूमेंट्री प्रसारित करने के बाद बीबीसी के दिल्ली व मुंबई दफ्तरों पर आयकर विभाग की छापेमारी को भी राजनीतिक दल सरकार की बदले की कार्रवाई के रूप में बताते रहे हैं। राजनीतिक पंडित भाजपा पर देश में आपातकाल के दौरान कांग्रेस सरकार की गलती दोहराने के आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि जनता की याददाश्त इतनी कमजोर भी नहीं होती कि वह सरकार की सख्ती को आसानी से भूल जाये। अभिव्यक्ति की आजादी पर बंदिशों की कीमत इमरजेंसी लगाने वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भी चुकाई थी। उससे सबक लेकर सभी सत्ताधीशों को अभिव्यक्ति की गरिमा और सहिष्णुता की नीति का अनुसरण करना ही चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता के मामले में पुलिस की तुरत-फुरत कार्रवाई कई प्रश्नों को जन्म देती है। ऐसा क्यों होता है कि सत्तारूढ़ दल के तमाम नेताओं की बेलगाम बयानबाजी पर पुलिस हरकत में नहीं आती। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर राज्य स्तरीय नेता अकसर ऐसी तंज की भाषा बोलते हैं और व्यक्तिगत आक्षेप करते नजर आते हैं,लेकिन उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती। निस्संदेह किसी भी सभ्य समाज में बेलगाम बयानबाजी के लिये कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन कार्रवाई सभी दलों पर एक ही स्तर पर होनी चाहिए। यहां तक कि संसद में सरकार के कई जिम्मेदार लोग तल्खी की भाषा बोलते नजर आते हैं। दल चाहे सत्तारूढ़ हो या विपक्षी, कार्रवाई के पैमाने सबके लिये बराबर ही होने चाहिए। लोकतंत्र में अधिनायकवाद के लिये कोई जगह नहीं होती। जब हम ताल ठोककर कहते हैं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, तो हमारा आचरण भी उसी के अनुरूप होना चाहिए। अकसर सवाल उठता है कि विपक्षी दलों को डराने के लिये सरकारी एजेंसियों ईडी, आयकर विभाग व सीबीआई का प्रयोग किया जाता है। यह हकीकत भी है कि सत्तारूढ़ दल वाले राज्यों में ऐसी तुरत-फुरत कार्रवाई होती नजर नहीं आती। बहरहाल, इतना तय है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के स्तर पर भी पिछले दिनों बिगड़े बोल बोलने का प्रचलन तेज ही हुआ है।

> “ भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से लेकर राज्य स्तरीय नेता अकसर ऐसी तंज की भाषा बोलते हैं और व्यक्तिगत आक्षेप करते नजर आते हैं,लेकिन उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती। निस्संदेह किसी भी सभ्य समाज में बेलगाम बयानबाजी के लिये कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन कार्रवाई सभी दलों पर एक ही स्तर पर होनी चाहिए।

## पुस्तक मेला देखकर बौरा गया हूं

मैं इस-इस दिन पुस्तक मेले में रहूंगा; आप भी आएं, मैं हर दिन मेले में रहूंगा, आप जरूर आएं; मैं उस-उस स्टॉल पर रहूंगा, आप आ रहे हैं न? मैं इन-इन स्टॉल पर इस-इस समय रहूंगा, आप भी पहुंचें... जो काम मेले वालों का था, उसे लेखक किए जा रहे हैं और संदेश पर संदेश भेजे जा रहे हैं कि मैं पूरे समय मेले में रहूंगा, आप मेरी हस्ताक्षर वाली प्रति खरीदकर ले जाना जी, इंतजार रहेगा!

पिछले मेले में ऐसा 'होल टाइमर' लेखक नहीं था। यह इसी मेले ने बनाया है। कुछ पहले तक का लेखक थोड़ा शर्मीला-झिझकीला था, ससंकोच बताता था कि मैं आज आ रहा हूं, आप भी रहें, तो अच्छा रहेगा। लेकिन इन दिनों बना लेखक 'ऐलानिया' लेखक है, जो सबको बताता फिर रहा है कि मैं मेले में हर दिन पूरे समय रहूंगा, आप भी पहुंचें और मेरी सिग्नेचर वाली किताब लें और धन्य हों!

यूं पहले वाले कुछ लेखक भी इस गलतफहमी में जीते थे और हाथ में कलम लेकर प्रकाशक के ठीए पर पूरे दिन बैठे रहते थे कि विदेशी लेखकों के पाठकों की तरह उनके पाठक भी आएंगे और उनकी किताब पर उनके सिग्नेचर लेकर धन्य-धन्य होंगे। एक बार एक नामी लेखक इसी गलतफहमी में पूरे दिन कलम संभाले बैठा रहा, मगर एक पाठक न फटका।

इस पुस्तक मेले में लेखकों की बची-खुची हिचक भी पिचक गई है। इस बार का लेखक तो बाजाप्ता ऐलान करके मेले में आ रहा है कि इस बार वह मेले में हर दिन होगा, उसकी किताब होगी, आप आएं और उसकी हस्ताक्षरित प्रति 'विद सेल्फी' लेकर जाएं! इसे कहते हैं आज के हिंदी लेखक का नया आत्मविश्वास।

यह लेखक मानता है कि एक कॉपी बिके न बिके; कोई पढ़े न पढ़े, लेकिन सपना देख, तो बड़ा देख। 'थिंक बिग, बी बिग!' जिसका हल्ला, उसका मोहल्ला। इसलिए हल्ला मचा। संकोच छोड़ और खुलेआम कह कि मैं आ रहा हूं, जैसे कोई अमिताभ बच्चन हो, शाहरुख खान हो, कार्तिक आर्यन हो कि वह पहुंचा नहीं, और उसके चाहने वालों की भीड़ उमड़ी नहीं।

सोशल मीडिया ने हर लेखक को सेलिब्रिटी बनने का अवसर दिया है। लेखक हो न हो, वह अपने को सेलिब्रिटी से कम नहीं समझता और चाहे एक किताब न बिके, लेकिन पूछने पर यही कहता नजर आता है, 'आई वाज मॉब्ड'... उस दिन भीड़ ने मुझे घेर लिया... सिग्नेचर करते-करते थक गया... किताब 'आउट ऑफ स्टाक' हो गई। मैं अपने पाठकों का शुक्रगुजार हूं।

मार्केटिंग का काम प्रकाशक का था, उसे लेखक कर रहा है। इस मानी में आज का रचनाकार जितना लेखक है, उससे अधिक वह सेल्समैन है। वही अपना प्रायोजक, प्रचारक और पाठक है। पुस्तक मेले में स्टॉलों के बीच बैठने की जगह कहां? तब भी अपना लेखक कहे जा रहा है कि वहीं रहूंगा। बनकर रहूंगा सेलिब्रिटी लेखक! सेलिब्रिटी बनना है, तो जितना है, उससे अधिक दिखाना-बताना है कि इस बार जितना मैं बिका, दूसरा कोई न बिका; जितना मैं टिका, दूसरा कोई न टिका। टिकोगे, तो बिकोगे! इसलिए चल मेले में!

सोचता हूं कि अब सबको बता ही दूं कि मैं भी मेले में आ रहा हूं और हर दिन सुबह से शाम तक हिंदी पवेलियन में ही मिलूंगा, ताकि मेरे अनगिनत चाहने वाले मेरे लिए लाइन तोड़ते दिखें और मैं सुबह से शाम के आठ बजे तक किताबों पर सिग्नेचर करता हुआ दिखूं और जब मीडिया वाले पूछें, तो कहूं कि भई, मैं तो अपने पाठकों और इस मेले के लिए जीता हूं और अपना बोरिया-बिस्तर भी यहीं ले आया हूं, ताकि मेरा कोई पाठक खाली हाथ न जाए। हिंदी वाले जानें तो कि एक लेखक ऐसा भी हुआ, जो मेले में ही रहा, मेले में ही जिया, मेले में ही मरा!

जिस तरह से पंडित हजारी प्रसाद जी के लिए कभी आम फिर से बौराए थे, उसी तरह आज मैं भी बौरा गया हूं!

**सुधीश पचौरी**

> “ अजनाला का उपद्रव और हरियाणा की पंचायतों का चरित्र ऊपरी तौर पर भले अलग लगे, मगर दोनों जगह भीड़ के उन्माद के जरिये संविधान के मूल भाव को बंधक बनाने की मंशा छिपी है। यह प्रवृत्ति महाशक्ति बनने को तत्पर भारत के उद्देश्यों से मेल नहीं खाती।

# संविधान पर भारी पड़ती भीड़

शशि शेखर

पिछले हफ्ते की दो डरावनी घटनाओं की ओर आपका ध्यान खींचने की इजाजत चाहूंगा। पहली, हरियाणा के तमाम शहरों में मोनू मानेसर के समर्थन में उमड़ते सैकड़ों लोगों की पंचायतें। इन जमावड़ों के जरिये राजस्थान पुलिस को सरेआम धमकियां दी जातीं कि मोनू को गिरफ्तार करने की जुर्रत मत करना। जो भी पुलिस दल ऐसा करेगा, वह अपने पैरों पर चलकर वापस नहीं जाएगा।

दूसरी, अमृतसर के अजनाला थाने पर बड़ी संख्या में हथियारबंद सिखों का हमला। इस हमले के प्रायोजक स्वघोषित धर्मप्रचारक अमृतपाल ने इस दौरान पंजाब पुलिस को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। यही नहीं, उसने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इंदिरा गांधी जैसा अंजाम भुगतने की धमकी तक दे डाली। इससे पहले ईसा मसीह पर उसकी टिप्पणी से आहत ईसाई समाज जोरदार प्रदर्शन कर चुका है। एक शिवसेना नेता की हत्या में भी उसका नाम उछला था। पंजाब की हवा में यह जहर क्यों घुल रहा है?

इस सवाल के जवाब से पूर्व मोनू की चर्चा। वह उन आरोपियों में से एक है, जिनके खिलाफ राजस्थान के भरतपुर जिले के गोपालगढ़ थाने में हत्या का मामला दर्ज है। प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार, इन लोगों ने जुनैद और नासिर नाम के दो सगे भाइयों की हत्या की है। दोनों भाइयों पर गो-तस्करी का शक था। इस हत्यारोपी के पक्ष में पंचायतें क्यों जुट रही हैं? क्या ये पंचायतें असरकारी साबित हो रही हैं? पिछले दिनों राजस्थान पुलिस ने हत्यारोपियों के फोटो जारी किए, पर मोनू मानेसर का चेहरा नदारद था। क्या राजस्थान पुलिस मानती है कि वह हत्या में शामिल नहीं है? या, वह पंचायतों के दबाव में हिचक रही है?



इसमें कोई दोराय नहीं कि हिंदू धर्म में गाय का बेहद पवित्र स्थान है। करोड़ों लोग इसे मां के समान पवित्र और उद्धारक मानते हैं। वैदिक काल से गाय को पशुओं की श्रेणी से अलग रखा जाता है। ऐसे में, यदि गोकशी के लिए कोई उसकी तस्करी करे, तो कुछ लोगों का बिफर पड़ना स्वाभाविक है, पर धार्मिक आस्थाओं के साथ संविधान की सुरक्षा भी जरूरी है। आज इस जरूरत को गैर-जरूरी साबित करने की तमाम कोशिशें हो रही हैं। भारतीय राष्ट्र-राज्य इसके दुष्परिणाम कई बार देख चुका है।

अमृतसर की घटना इसीलिए ज्यादा चौंकाती है। यह जागृत प्रदेश इससे पहले भी रक्त स्नान कर चुका है।

उन खूंरेजी भरे दिनों को जानने के लिए 1980 के दशक के शुरुआती दिनों में लौटते हैं। जरनैल सिंह भिंडरावाले को लोग संत कहते थे। अवैध असलहाधारी लोगों की भीड़ से घिरा हुआ जरनैल सिंह भारत-विरोधी प्रवचन किया करता था। वह शख्स 'दिल्ली के तख्त' को दुश्मन बताते हुए अक्सर तत्कालीन प्रधानमंत्री की तुलना औरंगजेब जैसे क्रूर बादशाहों से करता और उसके अंदाज-ए-बयां पर हजारों लोग फिदा हो उठते। धर्म, घृणा और अलगाव के इस घातक घालमेल ने अपनी संहार लीला शुरू करने में देर न लगाई। देखते-देखते पंजाब, दिल्ली और हरियाणा में तथाकथित खाड़कू 'मोनों' की हत्याएं करने लगे। वे बैंक लूटा करते या इसी तरह की अन्य आपराधिक वारदातों को अंजाम दिया करते। पंजाब पुलिस के तमाम लोग 'संत जी' से प्रभावित या भयभीत थे। देश का सबसे शानदार सूबा लहूलुहान और क्षत-विक्षत हो रहा था। ऐसे में, पाकिस्तान ने खालिस्तान नाम के एक काल्पनिक देश को मान्यता देने का मन बना लिया था। भिंडरावाले इसी पथभ्रष्ट स्वप्न का 'पोस्टर ब्वॉय' था।

इसे रोकने के लिए 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' करना पड़ा और उसके नतीजे कितने भयंकर हुए, ये सब जानते हैं। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सरकारी आवास में हत्या कर दी गई। आज भी कुछ लोग भिंडरावाले को दैदीप्यमान संत और इन तीनों कातिलों को शहीद बताने की कोशिश करते हैं। भिंडरावाले से प्रेरणा ग्रहण करने वाले अमृतपाल जैसे लोग तिरंगा, संविधान, हिंदुओं की दासता जैसे जुमलों से बुझे हुए शोलों को हवा देने की फिराक में हैं।

अमृतपाल ने जिस तेजी से सुर्खियां बटोरी हैं, वह चौंकाता है। 29 साल का यह युवक अमृतसर के गांव में जन्मा और बारहवीं पास करने के बाद 19 की उम्र में दुबई चला गया। वहां वह ट्रांसपोर्ट का कारोबार करता था, पर 26 जनवरी, 2021 के लाल किला कांड के आरोपी दीप सिद्धू की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद वह पंजाब लौट आया और 'वारिस पंजाब दे' संगठन का कामकाज संभाल लिया। यह भिंडरावाले की तरह का लिबास धारण कर खुलेआम कहता है, 'तिरंगा हमारा झंडा नहीं, इस झंडे ने हमारे ऊपर बेइंतिहा जुल्म किए हैं।' आग उगलने का दूसरा अंदाज देखिए- '1947 की आजादी का जश्न हमें नहीं मनाना चाहिए। यह इंडिया में हिंदुओं की आजादी थी और मुसलमानों की पाकिस्तान में। लेकिन यह सिखों के लिए एक दासता की शुरुआत थी। इसकी सभाओं में हजारों की संख्या में लोग आते हैं।

क्या अमृतपाल भिंडरावाले का स्थान लेना चाहता है? इत्तेफाकन भिंडरावाले ने जब अंगारों की खेती शुरू की थी, तब उसकी आयु भी अमृतपाल के बराबर थी। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह उसे आईएसआई का मोहरा बताते हैं। क्या यह अनायास है कि एक तरफ ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हमले हो रहे हैं और दूसरी तरफ, पंजाब में इस तरह के राष्ट्रद्रोही तत्व सिर उठा रहे हैं? पिछले दिनों एनआईए ने जो गिरफ्तारियां कीं, उनसे भी प्रमाणित होता है, आईएसआई और कनाडा के कट्टरपंथी भारत में 'मॉड्यूल्स' बना रहे हैं।

ऐसे में, अमृतपाल जैसे लोगों पर लगाम जरूरी है, मगर पंजाब पुलिस ने क्या किया?

अजनाला हमले के बाद उसने अमृतपाल के करीबी लवप्रीत तूफन की रिहाई पर रजामंदी जाहिर कर दी। अगले दिन अदालत ने उसे 'सुबूतों के अभाव में' रिहा कर दिया। बंदूकों, तलवारों से लैस अंगरक्षकों के साथ अजनाला पहुंचे अमृतपाल का अंदाज जरनैल सिंह जैसा था। उसकी अगुवाई में कई घंटों तक थाने पर अराजक भीड़ का कब्जा था। इस हिंसक हमले में एक पुलिस कप्तान सहित तमाम पुलिसकर्मी घायल हो गए थे, पर इन पंक्तियों के लिखे जाने तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। यह अराजकता को न्योता है। इससे अलगाववादियों का मनोबल बढ़ेगा। पंजाब सरकार को समझना ही होगा कि भिंडरावाले के वक्त हुई गलतियों का दोहराव खतरनाक साबित हो सकता है।

मोनू के समर्थन में हुई पंचायतें भी ऐसे लोगों को ताकत प्रदान करती हैं। अजनाला का उपद्रव और हरियाणा की पंचायतों का चरित्र ऊपरी तौर पर भले अलग लगे, मगर दोनों जगह भीड़ के उन्माद के जरिये संविधान के मूल भाव को बंधक बनाने की मंशा छिपी है। यह प्रवृत्ति महाशक्ति बनने को तत्पर भारत के उद्देश्यों से मेल नहीं खाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2017 को लाल किले के प्राचीर से ऐसे लोगों को कड़ा संदेश दिया था। उम्मीद है, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान की हुकूमतें उन वाक्यांशों के मर्म का सम्मान करेंगी। यह मुद्दा देश का है, दलगत राजनीति का नहीं।

# सिडनी में सेवा की सच्ची इबारत लिख रहा सिख

अमर सिंह

सदियों से इस दुनिया के लोग कभी मजबूरीवश, तो कभी बेहतर भविष्य की तलाश में अपनी मूल जगह से पलायन करते रहे हैं। भारत से भी बड़ी तादाद में लोग संसार के अलग-अलग हिस्सों में गए, ले जाए गए और फिर वे वहीं के होकर रह गए। मगर इनमें से कुछ ऐसे हुए, जिनके कर्म और आचरण पर पनाहगाह मुल्क ने ही नहीं, बल्कि समूची इंसानियत ने नाज किया! भारतीय मूल के ऑस्ट्रेलियाई अमर सिंह को पिछले दिनों जब उनके देश ने साल 2023 का 'लोकल हीरो' चुना, तो उनके पुरखों की माटी भी यहां हिन्दुस्तान में हुलस उठी। ज्यादा पुरानी बात नहीं है। आज से ठीक 25 साल पहले अमर सिंह का परिवार पंजाब से ऑस्ट्रेलिया जा बसा था। तब अमर महज 15 साल के थे। उम्र की जिस दहलीज पर भावनाओं की साझेदारी के लिए दोस्तों की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, अमर बिल्कुल अलग-थलग पड़ गए थे। जिनसे यारी थी, वे सब पंजाब में ही छूट गए थे और वह खुद एक ऐसे देश में आ गए थे, जहां की भाषा, तहजीब, सब कुछ जुदा थी। नस्लवादी टिप्पणियों का सामना करना पड़ता था सो अलग।

सिडनी में स्कूली दोस्त ही नहीं, एक शिक्षक तक ने कह डाला कि तुम्हारा नाम बहुत कठिन है। अमर ने अपने लिए नया नाम तक सोच लिया था- डेविड! मगर जब कॉलेज की पढ़ाई शुरू हुई, तब उन्हें महसूस हुआ कि दूसरों की खातिर वह अपनी असली पहचान क्यों बदलें? अगर किसी को उनसे बात करनी है, तो वह उनका मूल नाम लेकर संवाद कर सकता है! साल 2000 में जब अमर को ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता मिली, तो उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ गया। लेकिन उन्हें कहां पता था कि कानूनी वैधता और सामाजिक मान्यता के बीच एक लंबा फासला होता है।

अमर, बल्कि उन जैसों को सिडनी में अभी यह दूरी तय करनी थी कि न्यूयॉर्क में 9/11 की घटना घट गई। उस खौफनाक हादसे ने रातोंरात करोड़ों लोगों को संदिग्ध के कठघरे में खड़ा कर दिया। अमेरिका समेत पूरे पश्चिम में हर पगड़ीधारी को खतरे के रूप में देखा जाने लगा। अमेरिका में नफरती हिंसा का जो पहला शिकार बना, वह एक पगड़ीधारी सिख ही था। ऑस्ट्रेलिया में भी यह घृणा-अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। अमर खुद इसके शिकार बने।

साल 2014 की बात है। एक दिन वह वोलोंगॉन्ग (सिडनी) में ट्रक चला रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उनकी धार्मिक पहचान



को निशाना बनाते हुए उन्हें अपमानजनक शब्द कहे। अमर बहुत आहत हुए। मगर समझ नहीं आ रहा था कि करें तो क्या करें? कौन उनकी सुनेगा? लेकिन इस सिलसिले को झेलना भी अब दुश्वार हो चला था। उन्होंने तय किया कि वह स्थानीय समुदायों के बीच पगड़ी को लेकर जो आशंकाएं हैं, उनको दूर करके रहेंगे। अमर ने सोचा कि अगर कोई समुदाय या समूह अपने ईर्द-गिर्द दीवारें खड़ी कर ले, तो वह कैसे यह उम्मीद कर सकता है कि लोग उसकी आस्था और परंपराओं को समझें व उनका सम्मान करें?

अमर सिंह ने रेडियो जॉकी रे हेडली के साथ अपनी कहानी साझा करने का फैसला किया। वह जब हेडली के पास पहुंचे, तो हेडली ने लाइव कार्यक्रम के दौरान उनसे खुद को 'आतंकवादी' पुकारे जाने का पूरा वाकया सुनाने को कहा। जब कार्यक्रम के दौरान ही वोलोंगॉन्ग के उसी शख्स ने 2जीबी पर उनसे माफी मांगी, तो अमर हैरान रह गए। उन्हें यह यकीन हो गया कि लोग अज्ञात से डरते हैं। उनके भीतर उसी दिन एक उदार-धर्मार्थ संगठन शुरू करने का बीज अंकुरित हुआ और कुछ महीने बाद ही साल 2015 में उनका संगठन 'टर्बन्स4ऑस्ट्रेलिया' वजूद में आ गया। यह संस्था तभी से पश्चिमी सिडनी में हर रविवार को धर्म, जाति और नस्ल का भेदभाव किए बिना 400 भूखे-गरीब लोगों को भोजन के पैकेट व राशन सामग्री मुहैया कराने लगी।

जाहिर है, मोहब्बत के इस पैगाम का असर होना ही था। अमर सिंह और सिख समुदाय के प्रति स्थानीय लोगों का रवैया बदलने लगा। आहिस्ता-आहिस्ता स्थानीय लोगों को समझ में आ गया कि अमर सिंह जैसों के सिर पर जो खूबसूरत पगड़ी सजी है, वह महज कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि यह उनकी संस्कृति, परंपरा और आस्था की पहचान है। अमर सिंह ने अपनी उदारता और सद्कार्यों से ऑस्ट्रेलियाई लोगों में यह भरोसा भरा कि वे किसी भी पगड़ीधारी से कभी भी बेधड़क मदद मांग सकते हैं।

टर्बन्स4ऑस्ट्रेलिया को आज वहां के उदार सिखों से खूब दान मिलता है। इसके स्वयंसेवकों की संख्या अब 300 से ऊपर हो चुकी है। ये लोग सूखा व बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। कोविड महामारी जब अपने बदतर दौर में थी, इस संस्था ने अपनी पहुंच के दायरे में आने वाले हर उस जरूरतमंद की मदद की, जिसने इसको आवाज लगाई। पिछली जुलाई से इसने ब्रिस्बेन में फूड वैन की शुरुआत की है, ताकि इस शहर के बेघर लोगों को ताजा भोजन उपलब्ध कराया जा सके। अमर जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया में हर छठा व्यक्ति खाद्य असुरक्षा का शिकार है, इनमें 12 लाख बच्चे हैं। उनमें से कुछ की खिदमत कर वह अपने सिखी धर्म का निबाह कर रहे हैं।

एक ऐसे समय में, जब कुछ लोग ऑस्ट्रेलिया, लंदन, कनाडा से लेकर भारत में पंजाब तक अपनी गलत हरकतों से सिखी की महान परंपरा को दागदार बनाने की कोशिश कर रहे हैं, तब अमर सिंह जैसे पगड़ीधारी त्याग और सेवा की इसकी रवायत का परचम इन्हीं तमाम जगहों पर बुलंद कर रहे हैं। बकौल अमर, 'कोई भी नस्लवादी अस्थि या नफरत के साथ पैदा नहीं होता। इसे वे धरती पर आने के बाद सीखते हैं। हमें इस घृणा को परास्त करना है।

**प्रस्तुति चंद्रकांत सिंह**

# घर में लगी हो आग, तो पानी ही चाहिए

निकेतु इरालू

ज्यादातर लोगों को तोड़ने में बहुत आनंद आता है। परिवार, समाज से लेकर प्रदेश, देश तक, जहां तक या जहां भी घृणा की तलवार चल जाए, वे तोड़ने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते हैं। अलग रहने या अलग हो जाने का अपना आनंद है, जिम्मेदारियां कम हो जाती हैं। यही वजह है कि दुनिया में कई लोग अपने गांव, जिले को ही आजाद मुल्क बना देने का ख्वाब ढोने लगते हैं। मन में इतनी घृणा भर जाती है कि अपनी गलतियों-खामियों का ठीकरा दूसरों के माथे फोड़ने की आदत डाल लेते हैं। ऐसे अलग हो जाने की कुचेष्टाओं का ही परिणाम है कि दुनिया में जगह-जगह लोग अलगाववाद का रोग लिए बैठे हैं। यह वास्तव में खुद को छोटा या बौना करते जाने की बेवकूफी ही तो है।

नगालैंड की धरती पर यही हो रहा था। खून से रोज नई लकीरें खींची जा रही थीं। वह युवा जब भी गांव लौटता, हर बार किसी नए जख्म से सामना होता। पता चलता था, फलां अब नहीं रहा, फलां कहीं भाग गया। ज्यादातर मामलों में मरने और मारने वाले अपने ही लोग होते थे, तो जुबान सिल जाती थी। उसने अपने घर-कुटुंब पर गौर किया, तो पाया कि घर में ही 15 से ज्यादा युवा-युवतियां नशे की गिरफ्त में हैं। जब परिवार में चौथी मौत हुई, तब सहसा लगा कि अब एक-एक कर सब मारे जाएंगे, कोई नहीं बचेगा। क्या हर बार मद्रास या मुंबई से लौटकर मौत की खबर मिलेगी? कहते हैं, नगालैंड धरती की सबसे खूबसूरत जगहों में एक है, पर यह खूबसूरती किस काम की? एक प्रसिद्ध चिंतक की टिप्पणी बार-बार ध्यान में आई कि अपने लोगों के बिना कुछ भी संभव नहीं है, संस्थानों के बिना कुछ भी स्थायी नहीं है। सबसे जरूरी है, लोग बचे रहें, तो कुछ रचना संभव होगा। लोग किसी संस्थान की रचना करेंगे, तो परिवार-समाज-प्रदेश स्थिरता पाएगा, सशक्त बनेगा। पूरा इतिहास दो ही शब्दों में लिखा जा सकता है। पहला शब्द है चुनौती और दूसरा, प्रतिक्रिया। चुनौती आनी ही है, उस पर सही प्रतिक्रिया करेंगे, तो विकास की ओर जाएंगे और गलत करेंगे, तो विनाश की ओर। फूल के लिए बाग लगाने पड़ेंगे। बंदूक उठाएंगे, तो मरघट ही पहुंचेंगे। काश! अपने लोग समझ पाते।

इस सोच ने जीवन बदल दिया। वह अपने गांव लौट आया, इस मकसद से कि अपने परिवार-समाज को जहां तक संभव हो नष्ट होने से बचा ले। जीवन नई दिशा में चल पड़ा, उस युवा ने अपने दिल की छोटी-छोटी बातों को सुनना शुरू किया और ईमानदारी के साथ चीजों को ठीक करने का प्रयोग भी चल निकला। संघर्ष समाधान के कबीलाई तौर-तरीके बदले, तो महात्मा गांधी भी काम आए। नगालैंड में मोरल रीआर्ममेंट मूवमेंट को मजबूती मिलने लगी, मतलब नैतिकता से खुद को फिर लैस करने का आंदोलन जिंदगी का मकसद बन गया। लोग इस युवा को जल्दी ही निकेतु इरालू नाम से पहचानने लगे। बदलाव की शुरुआत घर से ही हुई, जिससे समाज सुगंधित होने लगा।

निकेतु इरालू के लिए काम आसान नहीं था, क्योंकि वह अलगाववादी नेता जापू फिजो के भतीजे थे। फिजो को हिंसक साजिशों के चलते देश छोड़ना पड़ा था, उनकी मौत इंग्लैंड में ही हुई थी। एक वरिष्ठ, पर शांति प्रिय नगा नेता टी सखरी की हत्या के लिए भी फिजो को ही जिम्मेदार माना गया था। सखरी का कहना था कि भारतीय सेना के खिलाफ हथियार उठाने के बजाय भारत के लोगों के पास जाकर अपनी तकलीफों का इजहार करना चाहिए, पर अमन पसंद सखरी को राह से हटा दिया गया। सखरी को गद्दार कहने वाले फिजो के भतीजे निकेतु इरालू का सोचने का ढंग ही अलग था। वह जब जागो, तब सबेरा में यकीन करते थे। उन्होंने कबीलों को समझाना शुरू किया और एक दिन उनके प्रयासों से पचास से ज्यादा कबीलों के प्रतिनिधि एक जगह जुटे। साथियों ने सलाह दी कि ज्यादा मुखर मत हो जाना, जान जाने का भी खतरा है, लेकिन निकेतु इरालू ने तो मानो ठान रखा था कि कबीलों के लिए बोझ बन चुकी नफरत की बेड़ियों को तोड़ देना है। बेड़ियां टूटेंगी, तो बदले का सिलसिला भी टूटेगा। कबीलों के प्रतिनिधियों ने स्तब्ध होकर सुना, जब निकेतु इरालू ने कहा, हमें खेद है, हम इन हत्याओं की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं। हम नगाओं के लिए यह बात करने का समय आ गया है कि हमसे कहां गलती हुई है, हर समय भारत व दूसरों को दोष न देते हुए हमें सोचना होगा। माहौल को कुछ हल्का करने के लिए इरालू ने कहा, मुझे यकीन है, स्वर्ग में मेरे चाचा खुश होंगे कि हम उनकी गलतियों पर चर्चा कर रहे हैं।

न केवल हंसी फूट पड़ी, तालियां भी बजने लगीं। धीरे-धीरे नगाओं की सोच बदली। अपनी गलतियों को मानने लगे और परस्पर चर्चा करने लगे और तब आया नगालैंड में बदलाव।

**प्रस्तुति ज्ञानेश उपाध्याय**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



### नारायणपुर में आईईडी ब्लास्ट, एक जवान शहीद

# लगातार दूसरे दिन नक्सलियों ने किया सुरक्षाबलों को टारगेट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद हो गया है। बस्तर संभाग में लगातार दूसरे दिन नक्सलियों ने जवानों को टारगेट किया है। नक्सलियों ने नारायणपुर के ओरछा में जवानों को निशाना बनाने के लिए आईईडी लगाया था। सर्चिंग पर निकले जवानों को टारगेट कर यह आईईडी प्लांट किया गया था। 16वीं बटालियन का प्रधान आरक्षक संजय लकड़ा इसकी चपेट में आ गया और शहीद हो गया।





बता दें एक दिन पहले शनिवार को सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में नक्सलियों से मुठभेड़ में तीन जवान शहीद हो गए। इस मुठभेड़ में डीआरजी जवान एएसआइ रामूराम नाग (36) निवासी जगरगुंडा, असिस्टेंट कांस्टेबल जोगा कुंजाम (33) व सैनिक वंजाम भीमा (31) निवासी मरकागुड़ शहीद हो गए। वहीं इस मुठभेड़ में जवानों ने भी 6 नक्सलियों को ढेर करने का दावा किया है।

यह मुठभेड़ तब हुई जब जगरगुंडा क्षेत्र के नए स्थापित कुंदेड़ कैंप से निर्माणाधीन जगरगुंडा-बासागुड़ा सड़क की सुरक्षा के लिए जवानों की पार्टी निकली थी। कैंप से करीब दो किमी दूर आश्रमपारा के पास सुबह करीब साढ़े आठ बजे नक्सलियों ने घात लगाकर सुरक्षा बल पर हमला कर दिया। करीब एक घंटे की मुठभेड़ के बाद नक्सली वहां से भाग खड़े हुए। इस मुठभेड़ में हमारे तीन जवान शहीद हो गए।

## गर्ल्स कॉलेज में कौशल विकास कार्यशाला 'सशक्ति' आयोजन, सिखाए गए व्यवसाय शुरू करने की बारीकियां




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लर्निंग लिंक फाउंडेशन एवं मास्टर कार्ड के सौजन्य से छः दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला 'सशक्ति' का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत डिजिटल लर्निंग, फाइनेंशियल लर्निंग एवं इंटरप्रेनर्शिप की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला की संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि अपना व्यवसाय शुरू करने के समस्त गुर सिखाए गए, जैसे बिजनेस प्लानिंग, डिजाइनिंग, मार्केटिंग, प्रोडेक्ट, मैन्यूफैक्चरिंग, एडवर्टिजमेंट, सोशल मीडिया का उपयोग, लागत, खपत, लाभ, हानि, आर्थिक सहायता आदि की बारीकियां सिखायी गई।

विषय विशेषज्ञों के भाषण एवं पॉवर प्वाईन्ट प्रजेंटेशन तथा रोचक गतिविधियों ने इस कार्यशाला को आकर्षक बनाया। 200 स्नातकोत्तर छात्राओं ने यह प्रशिक्षण प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चंद्र तिवारी ने बताया कि वर्तमान समय में डिग्री के साथ कौशल विकास की अत्यन्त आवश्यकता है जिसके लिये महाविद्यालय द्वारा इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। जिससे छात्राओं में विभिन्न क्षेत्रों में नया सीखने का अवसर मिल सके।

लर्निंग लिंक फाउंडेशन की स्टेट मैनेजर सुश्री शबाना कालिम रिजवी ने बताया कि उनकी संस्था सम्पूर्ण भारत में टेक्नालॉजी, इनोवेशन, रिसर्च, स्किल एवं एंट्रीप्रेन्शिप पर विशेष कर महिलाओं के लिये कार्यरत है, इनका मानना है की महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता अवशायक है।

मुख्य आथिति पदमश्री श्रीमती शमशाद बेगम अपनी संघर्षपूर्ण जीवन गाथा एवं गीतों से छात्राओं को प्रेरणा दी। सुश्री लुबना नूर ने प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारियों को बहुत लाभकारी बताया इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गये। कार्यक्रम का संचालन सुश्री तब्बसुम अली एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनुजा चैहान ने किया।

**खास खबर**

## हम तपस्या करने वाली पार्टी के लोग हैं, भारत जोड़ो यात्रा से मिला प्यार-राहुल गांधी

**रायपुर।** रायपुर में चल रहे कांग्रेस के तीन दिवसीय महाअधिवेशन का रविवार को आखिरी दिन है। राहुल गांधी ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मैं देश के सभी तबके से मिला। इस दौरान मैने भारत जोड़ो यात्रा से बहुत कुछ सीखा। उन्होंने कहा कि 'यात्रा' से मुझे बहुत प्यार मिला, 52 साल से मेरा घर नहीं, लेकिन जब कश्मीर पहुंचा तो अपने घर जैसा लगा। राहुल गांधी ने कहा कि मैं सोचता था कि फिट हूं, 20-25 किमी चल लूंगा। लेकिन यात्रा शुरू होते ही घुटने का पुराना दर्द लौट आया और 10-15 दिनों में मेरा अहंकार खत्म हो गया। भारत माता ने मुझे संदेश दिया- तुम अगर कन्याकुमारी से कश्मीर तक चलने निकले हो तो दिल से अहंकार मिटाओ, वर्ना मत चलो।



राहुल ने कहा कि हमने ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ लड़ाई लड़ी, हम पीछे नहीं हटने वाले। हम तपस्या करने वाली पार्टी के लोग हैं अपने देश का खून पसीना पार्टी के लिए देंगे। देश के लिए खून पसीना बहा देंगे। इस दौरान अधिवेशन में चारो ओर जमकर नारेबाजी हुई।

### लोगों को समझाना हमारा काम है - प्रियंका

प्रियंका वाड्रा ने कहा कि वे लोग जो देश की राजनीति को देखकर समझ रहे हैं कि कुछ गलत हो रहा है, उन्हें एक मंच देना हमारा काम है। उनकी आवाज को बुलंद करना हमारा काम है। वहीं, वे लोग जो यह नहीं समझ रहे हैं, उन्हें भी यह बताना और समझाना हमारा काम है। यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। बता दें कि अधिवेशन का समापन रविवार दोपहर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे। इसके बाद दोपहर तीन बजे रायपुर के जोरा मेला ग्राउंड में आमसभा होगी।

### रोजगार बढ़ाने को लेकर कांग्रेस का जोर, चीन मुद्दे पर फिर केंद्र को घेरा

# न्याय योजना देश की जरूरत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी में कांग्रेस पार्टी के 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी ने राजनीति, विदेशी और आर्थिक मामलों पर प्रस्ताव पास किए। कांग्रेस ने विदेश नीति के मामले में मोदी सरकार पर जमकर प्रहार किया। विदेश नीति के संकल्प में कांग्रेस ने कहा कि भाजपा ने भारत की विदेश नीति की भावना को संरक्षित करके नहीं रखा। इस कारण भारत ने कई लाभ को खो दिया है।

पार्टी ने अपने संकल्प में कहा, आज भारत के चीन, नेपाल और बांग्लादेश सहित अन्य सभी पड़ोसी देशों से संबंध खराब हैं। चीन ने भारत के साथ आर्थिक और भू-राजनीतिक अंतर को लगातार बढ़ाया है। चीन लगातार रूस, ईरान, श्रीलंका और पाकिस्तान के साथ मजबूत संबंध को बढ़ावा दे रहा है। भारत की सुरक्षा और क्षेत्रीय संप्रभुता के लिए खड़े होना हमारा कर्तव्य है। लेकिन इसे पूरा करने में भाजपा सरकार विफल रही है। जब बात हमारी सेना और सैनिकों की आती है, तो कांग्रेस पार्टी बिना शर्त सेना और सरकार समर्थन करती है। लेकिन आज वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सेना नियमों का बार बार उल्लंघन कर रही है। आज चीन लगातार इस तरह की हरकत कर रहा है। लेकिन सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

कांग्रेस पार्टी सामूहिक निर्णय लेने के सिद्धांत को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। ताकि अनुभवी परामर्श के आधार पर राष्ट्रीय हित में विदेश नीति प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। भाजपा सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सिद्धांत को विकसित और प्रकाशित करने में पूर्ण रूप से विफल रही है। भारत के भीतर अंतरराष्ट्रीय संगठनों, थिंक टैंक, चैरिटी संसथाओं के कामकाज को भी बहाल और सुरक्षित रखेगी। हालांकि इन संस्थाओं को संवैधानिक ढांचे के भीतर काम करना होगा।

आर्थिक मामलों के संकल्प पर कांग्रेस ने कहा कि 1991 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने उदारीकरण के एक नए युग की शुरुआत की थी। आज उसका परिणाम भारत को मिल रहा है। यूपीए ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में 27 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला। 30 वर्षों के बाद हम मानते है कि वैश्विक और घरेलू विकास पर विचार करते हुए आर्थिक नीतियों के एक पुन संरचना की आवश्यकता है। देश की आर्थिक नीतियां की पुनर्संरचना एक खुली बाजार वाली अर्थव्यवस्था, धन सृजन का समर्थन, अमीरों, मध्यम वर्गों और गरीबों के बीच असमानता को कम करने वाली और निजी व सार्वजनिक क्षेत्र में उद्योग द्वारा संचालित विकास में तेजी लाने के लिए होना चाहिए।

देश की आर्थिक नीतियों में मुख्य फोकस नौकरियां होनी चाहिए। हम सरकारी, अर्ध सरकारी निकायों, सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों और सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों में सभी रिक्तियां को तुरंत भरने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। हमारा बढ़ता व्यापार घाटा चिंता का कारण है। विशेष रुप से चीन के साथ, जिसने 2022 में 100 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया। चीन के साथ व्यापार शर्तों को पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। ताकि इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य वस्तुओं के आयात को कम किया जा सके। देश में एमएसएमई 12 करोड़ लोगों को रोजगार देने वाले सबसे बड़ा क्षेत्र है। उन्हें बढ़ने और विस्तार करने के लिए पूर्ण समर्थन दिया जाना चाहिए। शहरी गरीबों के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए मनरेगा के समान एक शहरी नरेगा शुरू किया जाना चाहिए। कांग्रेस ने आर्थिक संकल्प में फिर से एक बार न्याय योजना को दोहराया। पार्टी का कहना है कि आज न्याय योजना देश की जरूरत है।

कांग्रेस पार्टी ने कहा, केंद्र और राज्य संबंधों विशेष रूप से राजकोषीय संबंधों में तेजी से गिरावट देखी जा रही है। मोदी सरकार ने राज्यों के विधायी क्षेत्र में अतिक्रमण किया है। गलत तरीके से लागू किए गए जीएसटी ने तनावपूर्ण संबंधों में इजाफा किया है। राज्यों के पास संसाधन कम हो गए हैं। उनकी वित्तीय स्थिति इतनी नाजुक अब तक नहीं रही, जितनी अभी है। जीएसटी के साथ राज्यों ने अप्रत्यक्ष कर का अधिकार खो दिया है।



### आर्थिक संकल्प: एमएसएमई 12 करोड़ लोगों को रोजगार देने वाला क्षेत्र, इसे मिले बढ़ावा

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने महाधिवेशन में आर्थिक प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने कहा कि, मैं 50 साल पहले 1972 में कोलकाता के महाधिवेशन में शामिल हुआ था। उस समय की दुनिया, उस समय की समस्या और आज में कितना अंतर है। आर्थिक प्रस्ताव के दिल और हृदय की बात है रोजगार। आज तीन चुनौतियां हैं, देश के सामने हैं। बेरोजगारी, संस्कृति की रक्षा और संविधान की रक्षा। आज के नौजवान और पहले के नौजवान में अंतर है। आज बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती है। पढ़े लिखे बेरोजगार हैं। 8वीं पास बेरोजगार, 9वीं पास बेरोजगार हैं। इनकी पीड़ा हमें समझनी है। इनके लिए काम करना है। हम बात कर सकते हैं तरह तरह के आंकड़ों की। मगर मैं उस ओर नहीं जाऊंगा। बेरोजगारी की समस्या का समाधान कांग्रेस कर सकती है। हमारी संस्कृति देश को जोड़ने की है। हम दिल को जोड़ते हैं। कांग्रेस लोगों को जोड़ती है।

## कोरबा के इस गांव में 150 सालों से नहीं खेली गई होली, डर ऐसा बड़ों से लेकर बच्चे तक मानते हैं नियम



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक ऐसे गांव है, जहां 150 सालों से गांव के लोगों ने होली नहीं खेली। इस गांव में 150 सालों से रंग-गुलाल नहीं उड़ा है। इस गांव के लोगों का मानना है कि होली के दिन रंग गुलाल लगाने से देवी माता नाराज हो जाएंगी, और उसका परिणाम पूरे गांव वालों को भुगतना पड़ेगा। कोरबा जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी स्थित ग्राम खरहरी में 150 सालों से होली का त्यौहार नहीं मनाया गया है। गांव के बुजुर्गों का मानना है कि उनके जन्म के काफी समय पहले से ही इस गांव में होली ना मनाने का रिवाज है।

### नहीं मनाई जाती होली

इस गांव में होली के दिन में कभी रंग गुलाल नहीं उड़ाते और न ही होलिका दहन की जाती है। इस गांव में 650 से 700 लोग रहते हैं। गांव के बुजुर्गों के अनुसार यहां सालों पहले होलिका दहन के दिन भीषण आग लग गई थी। गांव के घरों के ऊपर बड़े-बड़े आग के गोले गिर रहे थे। गांव के हालात बेकाबू हो गए थे। गांव में महामारी फैल गई थी। इस दौरान गांव के लोगों का भारी नुकसान हुआ और हर तरफ अशांति फैल गई।

इसके बाद गांव के एक बैगा के सपने में देवी मां मड़वारानी ने इस विनाश से बचने का उपाय बताया कि गांव में होली का त्यौहार न मनाया जाए। तभी से इस गांव में होली का त्यौहार नहीं मनाया जाता।

### गांव के लोग करते नियम का पालन

ग्रामीणों ने बताया कि ना तो गांव में होलिका दहन होता है और ना ही रंग गुलाल खेले जाते है। गांव में किसी को नहीं मालूम कि अंतिम बार कब होली मनाई गई थी। होली खेलने से कब गांव में आग लगी, किसकी मौत हुई, ग्रामीणों को नहीं पता। होली नहीं मनाने का रिवाज पूर्वजों से सुनते आ रहे हैं इसलिए पिछले 150 साल से गांव में किसी ने होली मनाई।

गांव के बुजुर्गों का मानना है कि नियम तोड़कर रंग गुलाल खेलने वालों पर माता का कहर टूट पड़ता है और बीमार हो जाते हैं। बड़ों से लेकर छोटे तक हर कोई इस नियम का पालन करता है।

## कांग्रेस के ये फैसले हो सकते हैं गेमचेंजर

श्रीकंचनपथ




कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन में उन सभी बातों पर चर्चा हुई जिनपर देश के बौद्धिक वृत्तों में चर्चा होती रही है. सोनिया गांधी ने भारत-जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए सक्रिय राजनीति से संन्यास का इशारा किया. उन्होंने पार्टी के नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भी उल्लेख किया. तय है कि कांग्रेस को फिलहाल राहुल और खड़गे की युति आगे बढ़ाएगी. इसके साथ ही पार्टी के सभी पदों पर 50 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की गई. 50 फीसदी पदों पर अब केवल 50 से कम उम्र के लोगों को ही नियुक्ति किया जा सकेगा. इससे राजनीति में युवाओं को ज्यादा मौका मिलेगा. एआईसीसी को लोगों के और करीब लाने के लिए अब सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को डेलीगेट्स और प्रत्येक छह डेलीगेट्स पर एक एआईसीसी सदस्य चुना जाएगा. इससे एआईसीसी के सदस्यों की संख्या 1240 से बढ़कर 1653 हो जाएगी. पार्टी ने देश में नफरत की राजनीति करने वालों पर नकेल कसने के प्रावधानों पर भी चर्चा की. छत्तीसगढ़ की किसान न्याय योजना और राजस्थान की चिरंजीवी योजना को देश भर में लागू करने का संकल्प भी लिया गया. सरकारी नौकरी के लिए आवेदन शुल्क को समाप्त करने, 10वीं 12वीं के विद्यार्थियों को वजीफा देने जैसी योजनाओं को भी कांग्रेस ने अपनी रणनीति में शामिल किया है. पार्टी इन कदमों के द्वारा लोगों के बीच अपनी खोई हुई जमीन तलाश करने का प्रयास करेगी. अधिवेशन में मौजूदा हालातों का मुकाबला करने के लिए जो सबसे बड़ी बात कही गई वह है दलबदल पर नकेल कसने की. 2014 के बाद बड़े पैमाने पर योजनाबद्ध ढंग से दलबदल करवाया गया. चुनी हुई सरकारों को गिराया गया. इससे छोटे-बड़े सभी राजनीतिक दल परेशान हैं. कांग्रेस इस परिपाटी पर अंकुश लगाने के लिए संविधान में संशोधन करेगी. विधायकों-सांसदों की खरीद फरोख्त रोकने के लिए पार्टियां अपने ही लोगों का अपहरण कर उन्हें किसी होटल या रिसॉर्ट में कैद करती रही हैं. ईडी-आईटी-सीबीआई के छापों का भी सहारा जनप्रतिनिधियों को डराने-धमकाने और दल-बदल करवाने के लिए किया जाता रहा है. कारपोरेट जगत ने ऐसी समस्याओं से निपटने के लिए काफी पहले ही अपनी रणनीति तैयार कर ली थी. वहां कोई बड़ी जिम्मेदारी देने से पहले, लोगों से बाण्ड भरवाया जाता है. नौकरी छोड़ने से पहले दो या तीन महीने का नोटिस देना होता है. नौकरी छोड़ने के बाद भी एक निश्चित अवधि तक निकटतम प्रतिद्वंद्वी संस्थान से नहीं जुड़ने की शर्त रखी जाती है. कोई भी संस्था अपने मानव संसाधन को प्रतिस्पर्धी बनाने और प्रतिस्पर्धी बनाए रखने में काफी वक्त और पैसा खर्च करती है. वह उसे मौके देती है, उसके सही-गलत फैसलों का नफा-नुकसान भी झेलती है. संस्था इसे निवेश मानकर चलती है. वह अपने निवेश को यूं ही बेकार नहीं जाने दे सकती. दल-बदल विरोधी कानून में इसी तरह के प्रावधान हो सकते हैं. यह मुद्दा उठाकर कांग्रेस विपक्षी दलों का नेतृत्व करने की दिशा में भी आगे बढ़ गई है.

आवश्यकता है
लड़के एवं लड़कियों की
वेतन चार अंकों में
भिलाई मसाला उद्योग
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766



BIG BRAND
Premium Store
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### राज्यपाल ने प्रदेश की दो सुविख्यात महिला कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी द्वारा पुरस्कृत किये जाने पर बधाई दी

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका, पद्म विभूषण तीजनबाई को संगीत नाटक आकादमी फैलोशिप (अकादमी रत्न) एवं सुविख्यात लोक गायिका तथा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ की कुलपति पद्मश्री डॉ. मोक्षदा (ममता) चंद्राकर को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि तीजन बाई ने छत्तीसगढ़ की लोक गायन परंपरा पंडवानी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाई। हमारी छत्तीसगढ़ की संस्कृति को देश और विदेश में एक नई पहचान देने में उनका अभूतपूर्व योगदान है। उन्होंने कहा कि डॉ. मोक्षदा चंद्राकर का यह सम्मान छत्तीसगढ़ की लोककला का सम्मान है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा गत दिवस नई दिल्ली में आयोजित समारोह में तीजन बाई को संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप (अकादमी रत्न) एवं डॉ मोक्षदा चंद्रकार को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### कस्टम मिलिंग के लिए 103 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की कुशल प्रबंधन के कारण अब तक कस्टम मिलिंग के लिए 103 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव हो चुका है, जबकि 106 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। किसानों से समर्थन मूल्य पर इस वर्ष 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की सफलतापूर्वक खरीदी की गई है।

गौरतबल है कि मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष की तर्ज पर इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए सीधे उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव शुरू किया गया था, जिसके चलते राज्य सरकार को परिवहन व्यय में काफी कमी आयी है। इसके साथ ही धान खरीदी के बाद धान उठाव की लंबी प्रक्रिया से भी निजात मिली है। राज्य सरकार ने इस वर्ष 23 लाख 42 हजार से अधिक किसानों से 31 जनवरी 2023 तक 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। किसानों को धान खरीदी के एवज में 22 हजार 67 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी में होंगे कई कार्यक्रम

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राजधानी रायपुर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 27 फरवरी से शुरू होकर 04 मार्च तक होंगे। शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में 27 फरवरी से 04 मार्च तक राज्य स्तरीय महिला मड़ई का आयोजन किया जाएगा। महिला मड़ई सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। मड़ई में राज्य की महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर बिक्री की जाएगी। यहां महिलाओं के सशक्त होते कदमों और आत्मनिर्भर बनते जीवन की झलक दिखाई देगी।

तेलीबांधा तालाब से 27 फरवरी को सुबह 7 बजे महिलाओं की बाइक/स्कूटर रैली निकाली जाएगी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में एक मार्च को सुबह 9 से 2 बजे तक महिला सुरक्षा एवं पोषण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही बीटीआई ग्राउंड में 04 मार्च को दोपहर 12 बजे से राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### उभयलिंगी व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कल

**रायपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा उभयलिंगी व्यक्तियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों पर केन्द्रित राष्ट्रीय कार्यशाला सह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 27 फरवरी को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में उभयलिंगी व्यक्तियों के स्वास्थ्य, शिक्षा, पुनर्वास और सामाजिक स्थिति संबंधी विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसमें विभिन्न राज्यों एवं छत्तीसगढ़ से लगभग एक हजार अतिथि एवं प्रतिभागी सम्मिलित होंगे।

# राजीव युवा मितान क्लब से मिल रहा है युवाओं को रोजगार

## क्लब के सदस्य कर रहे हैं मीटर रीडिंग व बिजली बिल वितरण का कार्य

### जरूरतमंद हितग्राहियों तक पहुंचा रहे योजनाओं का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजीव युवा मितान क्लब से जुड़कर प्रदेश के युवा छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा एवं यहां के रीति-रिवाज को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस योजना के माध्यम से युवा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी हो रहे हैं।



बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में नगरीय एवं पंचायत क्षेत्रों में गठित 481 राजीव युवा मितान क्लब से जुड़कर यहां के युवा क्षेत्र के विकास में एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंद हितग्राहियों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। जिले में नगरीय एवं पंचायत क्षेत्रों में राजीव युवा मितान क्लब के 102 सदस्यों को कलेक्टर विजय दयाराम के. की पहल पर मीटर रीडिंग एवं बिजली बिल वितरण का कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई है, जिसका निर्वहन मितान क्लब के सदस्य बखूबी कर रहे हैं।

बलरामपुर-रामानुगंज मीटर रीडिंग के कार्य में संलग्न सदस्यों की संख्या में प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है। जहां के विकासखण्ड बलरामपुर में 38, रामचन्द्रपुर में 7, वाड्रफनगर में 24, राजपुर में 15, शंकरगढ़ में 5, तथा विकासखण्ड कुसमी में 13, क्लब के सदस्य डोर-टू-डोर मीटर रीडिंग और बिल वितरण के कार्य कर रहे हैं। इस कार्य के एवज में उन्हें प्रति मीटर रीडिंग के आधार पर 7 रूपए का भुगतान किया जा रहा है। ऊर्जावान युवाओं की टीम इस कार्य को आम नागरिकों की सहुलियत के अनुसार समयबद्ध ढंग से कर रही है। इस कार्य के माध्यम से युवाओं को रोजगार का अवसर मिला है और वे अपनी कार्य क्षमता का विकास भी कर पा रहे हैं।

राजीव युवा मितान क्लब से जुड़कर मीटर रीडिंग और बिजली बिल वितरण का कार्य कर रहे पुनित सिंह ने बताया कि वह गरीब परिवार से है और बी.ए.अंतिम वर्ष का छात्र है, उसे अपनी पढ़ाई करने में आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था पर शासन की योजना राजीव युवा मितान क्लब से जुड़कर आज वह अपनी और अपने परिवार की जरूरतें पूरी कर पा रहा है। पुनित ने इस कार्य से अब तक लगभग 02 लाख रूपये कमाये हैं, इस पैसे का उपयोग उसने अपनी और अपने भाई-बहनों की पढ़ाई के लिए कर रहा है। पुनित ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं जिला प्रशासन को राजीव युवा मितान क्लब की स्थापना करने पर धन्यवाद दिया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के युवा भारत के सपने को साकार करने के लिए राजीव युवा मितान क्लब योजना की शुरूआत की गई है, जिसमें प्रदेश में चरणबद्ध ढंग से राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया जा रहा है। क्लब में युवा सदस्यों को जोड़ा जा रहा है ताकि युवा शक्ति को संगठित करके उनकी ऊर्जा का उपयोग छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए कर सके।

## वर्तमान शिक्षा से संस्कार गायब तो कैसे टिकेगा परिवार की बुनियादः शंभूशरण लाटा

**रायपुर ( ए )।** वर्तमान शिक्षा से संस्कार गायब हो गये है तो यह समाज कैसे बचेगा और परिवार की बुनियाद कैसे टिकी रहेगी। शिक्षा जितनी जरूरी है उतना ही संस्कार भी पहले शिक्षा के साथ-साथ स्कूलों में संस्कार भी सिखाये जाते थे आज की शिक्षा से लोग ज्ञान बहुत प्राप्त कर रहे है धन भी बहुत कमा रहे है लेकिन संस्कार गायब हो गए है। जब संस्कार ही नहीं बचेंगे तो इस समाज का क्या हाल होगा और इसके दोषी और कोई नहीं हमी लोग होंगे। हम अपने बच्चों को ज्ञान की शिक्षा दें साथ ही साथ संस्कार की भी शिक्षा देनी होगी। आज बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है यह अच्छी बात है, रक्तदान से किसी का जीवन बचाया तो जा रहा है लेकिन हम घर में अपने बढ़े-बुजुर्गों और माता-पिता को वक्त नहीं दे पाते। ज्यादा अच्छा है कि रक्त के बजाए उनके लिए हम अपना वक्त दान करें। वक्तदान का मीडिया में प्रचार नहीं हो सकता जबकि रक्तदान का बहुत प्रचार-प्रसार होता है और आज का मनुष्य यही चाहता है। बचे-खुचे संस्कारों को टीवी धारावाहिक वाले सत्यानाश करने पर लगे हुए है। संत शंभूशरण लाटा ने भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक और उनके वन गमन को लेकर ये बातें श्रद्धालुओं को बताई। उन्होंने कहा कि आज मनुष्य को जो सुख उसे मिल रहा है उसका उपभोग करने के बजाए कल के सुख को प्राप्त करना चाहता है और इसलिए वह दुखों को ओढ़ लेता है। उसे यह नहीं मालूम कि जो सुख वह कल प्राप्त करना चाहता है वह उसके भाग्य में है भी की नहीं। हमें दूसरों के सुखों को देखकर जलन होती है और यही जलन हमारे दुखों का कारण बनता है। इस जलन को भगवान के भजन के अलावा मिटाने का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। दूसरों के सुख में शामिल होकर उसका आनंद लेने वाले बहुत कम है।

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत मुंगेली जिले के कृषकों ने सीखा नवीन तकनीक से खेती करना

### राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (समेती) लभाण्डी में संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत राज्य शासन की मंशा अनुरूप कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार एवं उत्पादन में वृद्धि करना है। इस योजना के अंतर्गत मुंगेली जिले के 443 सदस्यीय कृषकों की टीम ने 30 जनवरी से 1 फरवरी, 2 से 4 फरवरी, 6 से 8 फरवरी, 9 से 11 फरवरी, 20 से 22 फरवरी तथा 23 फरवरी से 25 फरवरी 2023 तक राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (समेती) लभाण्डी रायपुर में प्रशिक्षण प्राप्त करने भ्रमण किया तथा उन्होंने नवीन तकनीक से खेती करने का तरीका भी सीखा।

मुंगेली जिले के कृषकों ने उद्यानिकी फसलों से संबंधित उन्नत तकनीक से खेती (फल व सब्जी), समन्वित कीट प्रबंधन, बीमारियों के रोकथाम की जानकारी, बीज उत्पादन, तकनीक, बहुवर्षीय सब्जियों की खेती, पुष्प उत्पादन तकनीक व संभावनाएं, मशरूम उत्पादन, कंद वर्गीय सब्जियों की खेती, उद्याकिनी की खेती में प्रयोग होने वाले यंत्रों की जानकारी ली। साथ ही कृषकों को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के टीशू कल्चर प्रयोगशाला, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, संरक्षित खेती प्रक्षेत्र, कृषि विज्ञान केन्द्र प्रक्षेत्र का भ्रमण व शासकीय बीज प्रांगण प्रक्षेत्र बाना का भी भ्रमण गया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, कृषि विज्ञान केन्द्र के विषय-वस्तु विशेषज्ञ और संस्थान के अधिकारियों ने उक्त विषयों में तकनीकी जानकारी कृषकों को दी।

मुंगेली जिले लोरमी ब्लॉक के झेरिया ग्राम के बैगा जनजाति के 14 महिलाओं तथा 55 पुरूषों ने 23 फरवरी से 25 फरवरी के भ्रमण दौरे में प्रशिक्षण प्राप्त किया। भ्रमण दौरे में आए कृषकों ने राज्य सरकार की इस नवीन तकनीक की सराहना करते हुए इसे अपनाने की बात कही। कृषकों को राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पुनर्मूल्यांकन व प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

#### राहुल और प्रियंका ने देखा लक्ष्मण देवालय

## आधे घंटे में सिरपुर के तीवरदेव विहार सुरंग टीला का किया अवलोकन



**रायपुर।** नवा रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय कांग्रेस के 85 वे राष्ट्रीय अधिवेशन शामिल होने आए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा अधिवेशन के दूसरे दिन शनिवार शाम पांच बजे सिरपुर भ्रमण के लिए पहुंचे। हेलीकाप्टर से सीएम भूपेश बघेल के साथ पहुंचे नेताओं ने सिरपुर स्थित विश्व विख्यात लक्ष्मण मंदिर, तीवरदेव विहार व सुरंग टीला का अवलोकन किया।

करीब आधे घण्टे यहां रुके। उच्च सुरक्षा व्यवस्था के चलते स्थानीय नेताओं की भेंट उनसे नहीं हुई। हालांकि राहुल ने तीवरदेव विहार के सामने पटेल समाज भवन में विवाह आयोजन में पहुंचे ग्रामीणों से प्रोटोकाल तोड़कर भेंट की। ग्रामीणों ने जिंदाबाद के नारे से स्वागत किया। साढ़े पांच बजे वे तीनों हेलीकाप्टर से वापस रायपुर लौट गए।

### विश्व विख्यात है सिरपुर का मंदिर

रायपुर से करीब 75 किलोमीटर दूर लक्ष्मण मंदिर स्थित है। महानदी के तट पर स्थित इसकी विशेषता है कि इस मंदिर में ईंटों पर नक्काशी करके कलाकृतियां निर्मित की गई हैं, जो अत्यंत सुन्दर हैं। क्योंकि अक्सर पत्थर पर ही ऐसी सुन्दर नक्काशी की जाती है। गर्भगृह, अंतराल और मंडप, मंदिर की संरचना के मुख्य अंग हैं। साथ ही मंदिर का तोरण भी उसकी प्रमुख विशेषता है। मंदिर के तोरण के ऊपर शेषशैय्या पर लेटे भगवान विष्णु की अद्भुत प्रतिमा है। इस प्रतिमा की नाभि से ब्रह्मा जी के उद्भव को दिखाया गया है और साथ ही भगवान विष्णु के चरणों में माता लक्ष्मी विराजमान हैं। इसके साथ ही मंदिर में भगवान विष्णु के दशावतारों को चित्रित किया गया है। हालांकि यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है। लेकिन यहां गर्भगृह में लक्ष्मण जी की प्रतिमा विराजमान है। यह प्रतिमा 5 फन वाले शेषनाग पर आसीन है।

# टोल फ्री नंबर पर दिव्यांगजनों की समस्या का तुरंत हो रहा समाधान

### साढ़े 6 हजार कॉल्स का हुआ त्वरित निराकरण

### तीन दिव्यांगों को 24 घंटे में घर पहुंचाकर दी गई व्हीलचेयर

### मेडिकल सहायता, पेंशन, अन्य योजनाओं संबंधित दिक्कतों का हो रहा निराकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर दिव्यांगजन की समस्याओं के समाधान के लिए शुरू किए गए टोल फ्री नंबर का फायदा दिव्यांगजनों को मिलने लगा है। टोल फ्री नंबर 155-326 नंबर और हेल्पलाइन नंबर +91-1800-233-8989 पर डॉयल करते ही समाज कल्याण विभाग द्वारा तुरंत उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है। अब तक 6 हजार 522 लोगों के कॉल्स का निराकरण किया जा चुका है। धमतरी जिले के ग्राम पंचायत गुजरा की 28 वर्षीय अस्थिबाधित कु. सुनीति साहू, 20 वर्षीय दिव्यांग एस. कुमार निषाद और दिव्यांग नीरा बाई साहू द्वारा टोल फ्री नंबर पर फोन करने के 24 घंटे में ही सहायक उपकरण प्रदाय योजना के तहत घर पहुंच सेवा के जरिए व्हील चेयर दी गई है।

### तीन दिव्यांगों को 24 घंटे में घर पहुंचाकर दी गई व्हीलचेयर

गौरतलब है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों, दिव्यांगजनों व तृतीय लिंग के व्यक्तियों की सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 155-326 व हेल्पलाइन नंबर +91-1800-233-8989 जारी किया गया है। इस नई सुविधा से महतारी एक्सप्रेस-102, मेडिकल हेल्पलाइन 104 और आपातकालीन सेवाओं के लिए जारी नंबर 112 को भी जोड़ दिया गया है। इन नंबरों में डायल कर हितग्राही अपनी समस्याओं व मांगों से विभाग को अवगत करा सकते हैं। हेल्पलाइन सेंटर द्वारा इनकी समस्याओं को संबधित जिले को ऑनलाइन भेजकर त्वरित कार्यवाही करने कहा जाता है। धमतरी जिले को प्राप्त प्रकरण पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त तीनों दिव्यांगों को इनके आने जाने की समस्या को देखते हुए, घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज लेकर नि:शुल्क व्हीलचेयर वितरित की गई। हेल्पलाईन और टोल फ्री नम्बर के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ आपातकालीन सेवाएं, परामर्श, शिकायत, पेंशन भुगतान के निराकरण जैसी कई मदद ली जा सकती है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















## खास खबर

### टीकू वेड्स शेरू के लिए करना होगा इंतजार, प्राइम वीडियो ने लिया रिलीज टालने का फैसला

कंगना रनौत की टीकू वेड्स शेरू पिछले काफी समय से सुर्खियों में है। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि यह कंगना के होम प्रोडक्शन की पहली फिल्म है और इसमें अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। काफी समय से दर्शक इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे थे। हालांकि, अभी लोगों को इसकी रिलीज के लिए और इंतजार करना पड़ेगा। रिपोर्ट के अनुसार, अमेजन प्राइम वीडियो ने टीकू वेड्स शेरू की रिलीज टालने का फैसला किया है।

इस खबर की पुष्टि करते हुए एक करीबी सूत्र ने कहा, इस साल की शुरुआत में अमेजन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी, जहां उन्होंने 2023 में रिलीज होने वाले शो और फिल्मों की घोषणा की थी, जिसमें से एक टीकू वेड्स शेरू भी थी। हालांकि, अब नवाज अपनी निजी जिंदगी में जिन मुद्दों का सामना कर रहे हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए अमेजन ने रिलीज को टालने का फैसला किया है।

गौरतलब है कि नवाजुद्दीन और उनकी पत्नी आलिया के बीच विवाद पिछले काफी वक्त से चर्चा में है। आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला थम नहीं रहा है। दरअसल, बीते दिनों नवाज की मां ने आलिया के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद विवाद बढ़ गया और फिर आलिया ने भी नवाजुद्दीन की मां पर कई संगीन आरोप लगाए हैं। बता दें कि आलिया और नवाजुद्दीन ने पहले अलग होने का फैसला किया था, लेकिन फिर दोनों साथ रहने लगे।

### निर्देशक मारुति की फिल्म राजा डीलक्स के लिए प्रभास ने नहीं ली कोई फीस

साउथ के सुपरस्टार 'बाहुबली' एक्टर प्रभास की फैन फॉलोइंग सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में है. सोशल मीडिया पर प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'राजा डीलक्स' को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट देखी जा सकती है, लेकिन उससे पहले एक्टर की फिल्म 'आदिपुरुष' सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती हैं. इन दिनों प्रभास के पास कई फिल्में हैं वो हाईएस्ट पेड एक्टर्स की लिस्ट में आते हैं. 'राजा डीलक्स' को लेकर रोजाना नए अपडेट आ रहे हैं, इसी कड़ी में अब फिल्म के लिए प्रभास को मिलने वाली फीस का भी खुलासा हो चुका है.

साउथ इंडस्ट्री के सबसे चहेते अभिनेताओं में से एक प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्मों, सलार, आदिपुरुष और अन्य प्रोजेक्ट के की शूटिंग में व्यस्त हैं. साउथ फिल्म मेकर्स फिल्म में उन्हें कास्ट करने के लिए मोटी रकम चुका रहे हैं. हाल ही में आई एक रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया था कि उन्होंने एक फिल्म के लिए अपनी फीस बढ़ाकर 150 करोड़ रुपये कर दी थी. हालांकि आपको जानकर हैरानी होगी कि प्रभास फिल्म 'राजा डीलक्स' एक रुपये भी चार्ज नहीं कर रहे हैं. जी हां, सामने आई एक रिपोर्टों के अनुसार प्रभास ने तेलुगू फिल्म 'राजा डीलक्स' के लिए डील साइन की है क्योंकि वह अपने फैंस के लिए साधारण फिल्में करना चाहते थे. चौंकाने वाली बात ये है कि उन्होंने फिल्म के लिए एक पैसा भी चार्ज नहीं किया है. 'राजा डीलक्स' एक बड़े बजट की फिल्म बताई जा रही है. फिल्म का निर्देशन मारुति ने किया है, फिल्म का नाम कथित तौर पर 'राजा डीलक्स' है और यह कॉमेडी, रोमांस और हॉरर के साथ एक परफेक्ट एंटरटेनर होगी.

इसके पीछे ये वजह बताई जा रही है कि प्रभास फिल्म के बजट को बढ़ाना नहीं चाहते थे, इसलिए उन्होंने बिना फीस लिए काम करने का फैसला किया. हालांकि प्रभास फिल्म रिलीज होने के बाद उसके प्रॉफिट से अपना खर्चा निकालेंगे, लेकिन आधिकारिक तौर पर अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है.

### सलमान-शाहरुख को लीड रोल में लेकर फिल्म बनाने जा रहा है वाईआरएफ, आमने-सामने दिखाई देंगे पठान और टाइगर

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान इन दिनों काफी चर्चा में बने हुए हैं। अभी हाल ही में सलमान खान और शाहरुख खान फिल्म पठान में साथ नजर आए थे। इस फिल्म में सलमान खान का छोटा सा लेकिन दमदार रोल था। इसके बाद अब दोनों फिल्म टाइगर 3 में साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म में शाहरुख खान का कैमियो होने वाला है। इसी बीच एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है, जिसे जानने के बाद सलमान और शाहरुख के फैंस खुश हो जाएंगे। वाईआरएफ इन दोनों को एक फिल्म में लीड रोल में लाने के तैयारी कर रहा है।

शाहरुख की फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो को लोगों ने काफी पसंद किया था। अब टाइगर 3 में शाहरुख खान का कैमियो होने वाला है। लेकिन टाइगर 3 की रिलीज से पहले एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे जानने के बाद शाहरुख और सलमान खान के फैंस गदगद हो जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक वाईआरएफ इन दोनों स्टार्स को एक फिल्म में साथ लेकर आने वाला है। इस बार दोनों फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म की बेसिक कहानी फाइनल हो गई है। इस फिल्म में दोनों एक दूसरे के खिलाफ खड़े हुए नजर आएंगे। यानी ये फिल्म पठान बनाम टाइगर होने जा रही है। ये ठीक वैसा ही होगा जैसा मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में देखने को मिलता है।

# बोल्ड आउटफिट में शमिता शेट्टी ने बढ़ाया इंटरनेट का तापमान, तस्वीरें देखकर फैंस की थमीं सांसें



एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की बहन शमिता शेट्टी भी बोल्डनेस के मामले में किसी से कम नहीं हैं। उनकी कातिलाना तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। ग्रीन कलर के आउटफिट में एक्ट्रेस शमिता शेट्टी गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं। एक्ट्रेस शमिता शेट्टी अपनी हॉटनेस से सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं।

फिल्म इंडस्ट्री में भले ही एक्ट्रेस शमिता शेट्टी अपना कमाल न दिखा पाई हो, लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें गजब ढाहती हैं। शमिता शेट्टी अपनी फिटनेस और खूबसूरती का जलवा सोशल मीडिया पर बिखेरती ही रहती हैं। एक्ट्रेस शमिता शेट्टी अपने किलर अंदाज में गजब की बला लग रही हैं। एक्ट्रेस शमिता शेट्टी हाई स्लिट आउटफिट में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस शमिता शेट्टी की उम्र भले ही 43 साल हो गई हो। लेकिन, वो आज भी ग्लैमरस अंदाज से कई बड़ी बड़ी एक्ट्रेस को मात देती हैं। शमिता शेट्टी अपने निजी और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े पलों को फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। एक्ट्रेस शमिता शेट्टी को आखिरी बार बिग बॉस 15 में देखा गया था। शमिता शेट्टी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं।

# रात के समय होती है सिर में खुजली? इन तरीकों से पाएं छुटकारा



यदि रात में सिर में खुजली होना आपके लिए एक सामान्य है तो आपको बता दें कि यह स्थिति जल्दी से अधिक गंभीर हो सकती है। स्कैल्प को तेजी से खुजलने से बालों के रोमछिद्रों को नुकसान हो सकता है और बालों के टूटने और झड़ने का कारण बन सकता है। आइए आज हम आपको रात में होने वाली सिर की खुजली को दूर करने के लिए 5 तरीके बताते हैं।

### सेब के सिरके का करें इस्तेमाल

सेब का सिरका अपने एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-फंगल गुणों के लिए जाना जाता है, जो सिर की खुजली को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एक स्प्रे बोतल को आधा सेब का सिरका और आधा पानी भर लें। इसके बाद इसे अच्छी तरह मिलाकर स्टोर कर लें। जब भी आपकी स्कैल्प में खुजली हो तो इस मिश्रण का इस्तेमाल करें। हालांकि, इस मिश्रण के इस्तेमाल से पहले त्वचा पर पैच टेस्ट जरूर करें।

### पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल करेगा मदद

पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल का स्कैल्प पर ठंडा प्रभाव पड़ता है, जो सिर की खुजली को दूर करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए पेपरमिंट एसेंशिल ऑयल की 2 बूंदें और नारियल या जैतून के तेल की 5 बूंदें मिलाकर सिर में लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 20 मिनट बाद सिर को पहले शैंपू से साफ करें और फिर इस पर कंडीशनर का इस्तेमाल करें। इससे आपको खुजली से तत्काल राहत मिलेगी।

### टी ट्री ऑयल भी है प्रभावी

टी ट्री ऑयल में एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभाव होता है। यह स्कैल्प की खुजली या जलन को कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए टी ट्री ऑयल की 5-10 बूंदों को मीठे बादाम या जोजोबा तेल की 10 बूंदों के साथ मिलाएं और इसे अपने सिर में लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। कुछ देर बाद सिर धो लें। वैकल्पिक रूप से आप टी ट्री ऑयल वाले शैंपू और अन्य उत्पादों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

### लैवेंडर का तेल भी है कारगर

लैवेंडर का तेल सिर की खुजली और स्कैल्प का रूखापन दूर करने में काफी मदद कर सकता है। लाभ के लिए लैवेंडर के तेल की 2 बूंदों को जैतून के तेल की 5 बूंदों के साथ मिलाएं और इस मिश्रण को अपने बालों और स्कैल्प पर लगाकर मालिश करें। 20 से 30 मिनट के बाद अपने सिर को शैंपू और कंडीशनर से धो लें। हफ्ते में 2 बार इस उपाय को दोहराएं।

### मेडिटेशन करें

कई शोध के मुताबिक, मेडिटेशन चिंता और तनाव को कम कर सकता है। इससे सिर की खुजली को दूर करने में काफी मदद मिलती है। इसलिए आप रात में अपने स्कैल्प को खुजली से बचाने के लिए मेडिटेशन भी आजमा सकते हैं, लेकिन यदि खुजली बनी रहती है तो पूर्ण उपचार के विकल्पों के लिए ट्राइकोलॉजिस्ट से परामर्श करें। इसका कारण है कि खुजली के पीछे कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या भी हो सकती है।

# म्यूजिक वीडियो 'धुआँ धुआँ' में नजर आएगी त्रिधा चौधरी



कनीशा फिल्म्स के बैनर तले निर्मित म्यूजिक वीडियो 'धुआँ धुआँ' में अदाकारा त्रिधा चौधरी बोल्ड और बिंदास अंदाज़ में बिल्कुल नए अवतार में नजर आएगी। चर्चित वेब सिरीज़ आश्रम में अपने बोल्ड लुक से सुर्खियां बटोरने वाली त्रिधा चौधरी और प्रणव वत्स की जोड़ी को पुन: स्क्रीन पर उतारने का रिस्क 'धुआँ धुआँ' सॉन्ग के निर्माता विनोद पालीवाल, अनवर शेख और सह निर्माता वृंदा भंडारी ने संयुक्तरूप से संगीत प्रेमियों की चाहत को ध्यान में रखते हुए लिया है।

मुम्बई में इस ज़बरदस्त सॉन्ग की शूटिंग सम्पन्न हो चुकी है। इस सॉन्ग के निर्देशक देव थापे और ऋषि कुमार हैं जबकि कोरिओग्राफर हैं देव थापे। संगीत है विवियन रिचर्ड्स का। क्रिएटिव हेड श्रुति शुक्ला हैं। 'आश्रम' वेब सीरीज के द्वारा अपनी अदाकरी से लोगों को दीवाना बनाने वाली त्रिधा चौधरी अब प्रणव वत्स के साथ एक बार फिर लोगों का दिल जीतने वाली हैं। इन दिनों त्रिधा चौधरी इस सॉन्ग को लेकर काफी उत्साहित हैं।

बकौल अदाकारा त्रिधा चौधरी 'धुआँ धुआँ' एक खूबसूरत रोमांटिक म्यूज़िक् वीडियो है जो ऑडिएंस के दिलों को छू लेगा। युवा पीढ़ी की पसन्द को ध्यान में रखते हुए इसे बिल्कुल कलात्मक ढंग से फ़िल्माया गया है। प्रणव वत्स बहुत ही प्रतिभाशाली को स्टार हैं और हमारी जोड़ी अवश्य लोगों को लुभाएगी। इसी वर्ष होली के शुभअवसर पर इस म्यूजिक वीडियो को रिलीज किया जाएगा।

## हॉलीवुड क्रिटिक्स असोसिएशन अवॉर्ड्स में छाई 'आरआरआर', राजामौली ने की खास अपील

एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' दुनियाभर में कमाई, सम्मान और पुरस्कार पा रही है। यह सिलसिला रुकता हुआ नजर नहीं आ रहा है। फिल्म ने बीते दिनों कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों की सूची में अपनी जगह बनाई। इन पुरस्कार कार्यक्रमों में राजामौली दुनियाभर के दिग्गज फिल्ममेकर्स से मिले। अब फिल्म ने हॉलीवुड क्रिटिक्स असोसिएशन अवॉर्ड में कई श्रेणियों में पुरस्कार अपने नाम किए। इस समारोह में राजामौली, रामचरण और एमएम कीरवानी मौजूद रहे।

ऑस्कर से पहले हॉलीवुड क्रिटिक्स असोसिएशन अवॉर्ड्स में 'आरआरआर' की धूम देखने को मिली। यहां 'आरआरआर' को कई श्रेणियों में पुरस्कार मिले। फिल्म को 'बेस्ट इंटरनैशनल फिल्म' चुना गया। राजामौली और रामचरण ने यह पुरस्कार लिया। बेस्ट सॉन्ग के लिए 'नाटू-नाटू' को चुना गया और एक बार फिर से एमएम कीरवानी अंतरराष्ट्रीय मंच पर नजर आए। इनके अलावा फिल्म को बेस्ट स्टंट और बेस्ट एक्शन की श्रेणी में भी सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों से राजामौली गदगद नजर आए।

बेस्ट एक्शन फिल्म का पुरस्कार लेते हुए राजामौली ने अपने स्टंट कोरियोग्राफर का जिक्र किया। उन्होंने कहा, यह बेस्ट एक्शन फिल्म है। हमने बेस्ट स्टंट भी जीता है, लेकिन सही मायनों में बेस्ट स्टंट का पुरस्कार स्टंट कोरियोग्राफर को मिलना चाहिए। मुझे खुशी होती अगर वो यहां होते।

# च्युइंग गम चबाना सेहत के लिए है बेहद फायदेमंद, ये है इससे मिलने वाले 5 प्रमुख फायदे



बहुत से लोग च्युइंग गम इसलिए चबाते हैं ताकि वह सांस की बदबू से छुटकारा पा सकें। वहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जो सिर्फ कूल दिखने के लिए च्युइंग गम चबाते हैं। हालांकि, हजारों साल पहले से इसका इस्तेमाल दांतों को साफ करने और भूख शांत करने के लिए होता आ रहा है। इसके अलावा भी च्युइंग गम चबाने के कई फायदे हैं, जिनके बारे में आप नहीं जानते होंगे तो आइए आज इससे जुड़े 5 फायदे जानते हैं।

### याददाश्त में सुधार करने में है मददगार

च्युइंग गम चबाने से कमजोर याददाश्त में काफी हद तक सुधार होता है। दरअसल, यह मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है, जिससे महत्वपूर्ण जानकारियां याद रखने में मदद मिलती है। प्रोफेसर एंड्रयू शोले ने अपने शोध में पाया कि च्युइंग गम चबाकर शॉर्ट-टर्म मेमोरी को 35 प्रतिशत तक सुधारा जा सकता है। इसके अलावा पुदीने और अनानास के स्वाद वाली च्युइंग गम ध्यान और कॉग्निटिव क्षमता को बढ़ाने के लिए मददगार होती हैं।

### सीने की जलन को कम करने में है सहायक

एसिड रिफ्लक्स के कारण कई बार खाना खाने के बाद सीने में जलन या दर्द महसूस होने लगता है। इसके बचाव के लिए च्युइंग गम चबाया जा सकता है, क्योंकि यह निगलने की प्रक्रिया को तेज करता है और पेट से एसिड को साफ करता है। दरअसल, जब च्युइंग गम चबाया जाता है तो लार ज्यादा बनती है। इससे दांतों की सड़न और एसिड रिफ्लक्स के कारण होने वाली मुंह के स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं से बचा जा सकता है।

### उल्टी की समस्या को दूर करने में है कारगर

जब भी उल्टी या मिचली जैसा महसूस होता है तो ऐसे समय पर पुदीने वाली च्युइंग गम इससे राहत दिलाने में काफी मदद कर सकती है। एक अध्ययन के मुताबिक, जिन महिलाओं को सर्जरी के बाद बीमार और अजीब महसूस हुआ और उन्हें चबाने के लिए पेपरमिंट च्युइंग गम दिया गया, उन्हें उल्टी से राहत मिली। इसके अलावा मोशन सिकनेस के कारण पेट खराब होने पर शुगर-फ्री और अदरक के स्वाद वाली च्युइंग गम चबाना काफी प्रभावी है।

### वजन कम करने में है प्रभावी

च्युइंग गम चबाने से रोजाना उपभोग की जाने वाली अतिरिक्त कैलोरी को आसानी से कम किया जा सकता है। इसे चबाने से बाहर का खाना खाने का मन कम हो जाता है, क्योंकि यह क्रेविंग को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके अलावा इससे भूख को भी नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलेगी। रोड आइलैंड विश्वविद्यालय के शोध के मुताबिक, जो लोग च्युइंग गम चबाते हैं, वे 67 प्रतिशत कम कैलोरी लेते हैं।

### तनाव और चिंता को भी करती है कम

खराब जीवनशैली की वजह से तनाव और चिंता महसूस करना आम हो गया है। इससे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हालांकि, च्युइंग गम चबाने से तनाव और चिंता को कम किया जा सकता है। 2011 में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, जिन लोगों ने 14 दिनों तक दो बार च्युइंग गम चबाया है, उनकी चिंता उन लोगों की तुलना में काफी कम थी, जो च्युइंग गम नहीं चबाते थे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

**खास खबर**

## हैवानियत का एक दिल दहला देने वाला मामला, दोस्त का काटा गला और गुप्तांग को भी नहीं छोड़ा

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** हैदराबाद में हैवानियत का एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल एक युवक ने अपने दोस्त की ही गला घोंटकर हत्या कर दी। इतने से ही उसका दिल नहीं भरा और उसने दोस्त की हत्या के बाद उसकी गर्दन धड़ से अलग की और दिल निकाल लिया। इतना ही नहीं आरोपी ने मृतक के गुप्तांग को भी अलग कर दिया और ऊंगलियां भी काट डाली। प्रेमिका के चलते आरोपी ने दोस्त की इतनी बेरहमी से हत्या की। आरोपी ने आत्मसमर्पण कर दिया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि नवीन और हरिहर कृष्णा ने दिलसुखनगर स्थित एक कॉलेज में इंटरमीडिएट की पढ़ाई साथ की थी। पढ़ाई के दौरान ही नवीन को साथ में पढ़ने वाली एक लड़की से प्यार हो गया। नवीन ने अपने प्यार का इजहार किया और लड़की ने भी नवीन के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। हालांकि कुछ समय बाद दोनों के बीच ब्रेकअप हो गया। नवीन का दोस्त हरिहर भी उस लड़की को पसंद करता था। ऐसे में ब्रेकअप के बाद हरिहर ने लड़की से बातचीत शुरू कर दी और आखिरकार दोनों के बीच प्यार हो गया। पुलिस का कहना है कि ब्रेकअप के बावजूद नवीन लड़की को मैसेज और फोन करता था। इससे हरिहर कृष्णा नाराज रहता था। पुलिस ने बताया कि बीती 17 फरवरी को दोनों ने साथ में शराब पी और शराब के नशे में दोनों के बीच लड़की को लेकर झगड़ा हो गया। इसी झगड़े में हरिहर ने गुस्से में आकर नवीन की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद भी हरिहर का गुस्सा शांत नहीं हुआ और उसने नवीन के शव की गर्दन धड़ से अलग कर दी और उसका दिल निकाल लिया। इसके बाद आरोपी ने मृतक के गुप्तांग को काटा और ऊंगलियां भी काट डालीं। हत्या के बाद हरिहर ने कथित तौर पर शव की तस्वीरें ली और अपनी प्रेमिका को भेज दी। हत्याकांड के बाद आरोपी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# अमृतकाल में प्रधानमंत्री के पंच-प्रण के साथ भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है-अनुराग ठाकुर

- भारत में आज 90 हजार स्टॉर्टअप और 108 यूनीकार्न
- एनवाईके द्वारा युवा संवाद इंडिया@2047 का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर ( पीआईबी )।** अमृतकाल में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के पंच-प्रण के साथ भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। यह बात केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नेहरू युवा केंद्र संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा रावतपूरा सरकार विश्वविद्यालय, रायपुर में आज आयोजित युवा संवाद तथा वाय20 कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई, पद्मश्री अजय मंडवी, रायपुर के सांसद, सुनील सोनी और विधायक बृजमोहन अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

युवा संवाद को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वाधीनता दिवस के अवसर पर दिए गए पांच-प्रण का स्मरण कराते हुए कहा कि अगले 25 साल में हमें भारत को विकसित करना है, गुलामी की हर सोच से मुक्त होना है, अपने विरासत पर गर्व करना है, देश में एकता और एकजुटता को सुदृढ करना है और हमें अपने कर्तव्यों का पालन करना है ।

इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। दुनिया आज हमारी ओर देख रही है । उन्होंने बताया आज भारत में 90 हजार स्टॉर्टअप और 108 यूनीकार्न काम कर रहे हैं। आज भारत दुनिया की तीसरी आर्टटअप इको-सिस्टम है । एक-एक यूनीकार्न कंपनी की वैल्यूशन 08 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा है। यह सब पिछले आठ सालों में हमारे युवाओं ने किया है जो दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनी नहीं कर पायी, यही हमारे युवाओं की शक्ति है ।

उन्होंने कहा कि जब दुनिया में कोविड जैसी महामारी आई तो विदेशी विद्वानों ने कहा भारत में लाखों लोग इस बीमार से ग्रसित होकर मारे जाएंगे। लेकिन प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि और हमारे वैज्ञानिकों की तत्परता से दो स्वदेश वैक्सीन विकसित कर देश ने 220 करोड़ डोज़ आम जनता को लगाकर इस आपदा से मुक्ति पाई।

उन्होंने बताया कि वर्तमान बजट में युवाओं के कौशल विकास के लिए पर्याप्?त बजट का प्रावधान किया गया ताकि वे नए-नए कौशल सीखकर वर्तमान मांग के अनुरूप रोजगार पा सकें। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा युवा संवाद आए युवाओं के जिज्ञासाओं का भी समाधान किया।

इस अवसर पर पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई, रायपुर के सांसद, सुनील सोनी और विधायक बृजमोहन अग्रवाल तथा रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति, एस. के. सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# आवारा कुत्तों के खौफ से बच्चों में दहशत, युवती का नोच लिया अंगूठा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** आवारा कुत्तों का आतंक इन दिनों सरगुजा जिले के लखनपुर में देखने को मिल रहा है। फरवरी माह में ही लखनपुर में कुत्तों ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को काटकर जख्मी कर दिया है। लखनपुर क्षेत्र में कुत्तों के आतंक से लोग दहशत में हैं। कुछ गंभीर मामले भी देखने को मिले हैं, जहां लखनपुर के ग्रामीण इलाके में कुत्ते ने एक युवती पर हमला कर उसके हाथ का अंगूठा ही नोच लिया।

युवती की हालत गंभीर हो गई। युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां युवती की हालत देखते हुए उसे अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भर्ती कराया गया है। लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला अपना इलाज कराने पहुंची जिसे कुत्ते ने काटकर जख्मी किया था। लखनपुर बीएमओ पीएस मार्को ने बताया कि 2 दिनों के अंदर ही कुत्तों के द्वारा काटे जाने के 6 मामले आ चुके हैं।

### नहीं हो रही कोई कार्रवाई

लखनपुर वासियों ने भी बताया कि नगर में इन दिनों कुत्तों का आतंक बहुत ज्यादा हो गया है। नगर में कुत्तों द्वारा वाहन चालकों को दौड़ाकर काटने का प्रयास किया जा रहा है। लखनपुर नगर पंचायत ने अभी तक कुत्तों पर नियंत्रण के लिए कोई भी कार्रवाई नहीं की है।

### 12 मामले सामने आए

फरवरी माह में ही लखनपुर और पास के गांवों से अब तक कुत्तों के काटने के 12 मामले सामने आ चुके हैं। नगर में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ जाने से लोग अपने बच्चों को घरों से बाहर निकालने से डर रहे हैं। आवारा कुत्तों के कारण लोग दहशत में हैं।

## 1 किलो प्लास्टिक कचरा लाओ और भरपेट खाना खाओ

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में एक ऐसा कैफे मौजूद है जहां प्लास्टिक वेस्ट लाने पर आपको भरपेट खाना खिलाया जाता है। सुनने में थोड़ा अजीब लग रहा होगा मगर यह अपने आप में देश का पहला ऐसा कैफे है, जहां कचरे के बदले लोगों को खाना मिलता है। इस कैफे की शुरुआत 2019 में की गई थी। अंबिकापुर के बस स्टैंड के ठीक सामने ही पोस्ट एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र भी मौजूद है। यहां कचरा जमा करने पर लोगों को टोकन दिया जाता है। उस टोकन को देकर कैफे में लोग खाना खा सकते हैं। आधा किलो प्लास्टिक वेस्ट के बदले नाश्ता कराया जाता है। 1 किलो प्लास्टिक वेस्ट देने पर दाल, चावल सब्जी और अचार दिया जाता है। एसएलआरएम इंचार्ज से बात करने पर उन्होंने बताया कि रोजाना गार्बेज कैफ़े में खाना खाने के लिए गरीब लोग 10 से 15 किलो कचरा लेकर आते हैं। इसके बाद उन्हें टोकन दिया जाता है और फिर इस टोकन को कैफ़े में देकर लोग खाना खा पाते हैं। हालांकि पहले के मुकाबले अब इस कैफ़े में कचरे के बदले खाने के लिए लोग कम ही नजर आते हैं। यह कैफ सामान्य लोगों के लिए भी संचालित हो रहा है जहां लोगों के लिए नाश्ते की सुविधा उपलब्ध है। यह कैफे अम्बिकापुर नगर निगम द्वारा संचालित किया जा रहा है।

# संविधान में बदलाव: पार्टी में अब मिलेगी सिर्फ डिजिटल सदस्यता, महिला-युवाओं सहित इन्हें मिलेगा आरक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जारी कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन में पार्टी संविधान में कई बड़े बदलाव किए हैं। इसके तहत अब कांग्रेस में सिर्फ डिजिटल तौर पर सदस्यता दी जाएगी और डिजिटल रिकॉर्ड ही रखे जाएंगे। इसके अलावा पार्टी की कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) में पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, युवाओं और अल्पसंख्यकों के लिए 50 फीसदी आरक्षण का एलान किया गया है। इसी के साथ कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों की संख्या में भी इजाफा करने का फैसला हुआ है। अब इसके सदस्यों की संख्या 25 से बढ़ाकर 35 कर दी गई है।

इससे पहले कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अधिवेशन को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज मैं गौरवशाली महसूस कर रहा हूं। बीजेपी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज देश में चारो तरफ नफरत का माहौल। मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि हम सभी उस गौरवशाली विरासत की नुमाइंदगी कर रहे हैं, जिसे- महात्मा गांधी जी, पंडित नेहरू जी, सुभाष चंद्र बोस जी, सरदार पटेल जी, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद जी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी, सरोजिनी नायडू जी, इंदिरा जी, राजीव जी ने अपने समर्पण से सींचा है।

### प्रियंका गांधी का हुआ जोरदार स्वागत

कांग्रेस पार्टी का 85वां अधिवेशन छत्तीसगढ़ के रायपुर में चल रहा है। इसमें शामिल होने के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा आज रायपुर पहुंची। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे।

# हिंडनबर्ग की लगी ऐसी नजर कि अर्स से फर्स पर गिरे अडानी, मुकेश अंबानी से आधी भी नहीं बची संपत्ति



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गौतम अडानी की नेटवर्थ में लगातार गिरावट आ रही है। एक साल पहले तक गौतम अडानी ताबड़तोड़ कमाई करते हुए मुकेश अंबानी सहित दुनिया के कई अमीरों को काफी पीछे छोड़ दिया था। वहीं 2023 आते ही अब तक वे दौलत गंवाने के मामले में सबसे आगे हो गए है। अडानी ग्रुप (Adani Group) को अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग (Hindenburg) की ऐसी नजर लगी है कि अब उनकी संपत्ति मुकेश अंबानी से आधे से भी कम हो गई है। एक माह पहले दौलत के रेस में अडानी मुकेश अंबानी से बहुत आगे थे।

बता दें बीते 24 जनवरी 2023 को पब्लिश की गई हिंडनबर्ग की रिसर्च रिपोर्ट अडानी ग्रुप के लिए काफी नुकसान देय साबित हुई है। इसके बाद से अडानी के शेयरों में जो गिरावट शुरू हुई जो थमने का नाम नहीं ले रही है। गौतम अडानी अमीरों की लिस्ट में चौथे पायदान से अब 33वें नंबर पर पहुंच गए हैं। हर रोज उन्हें अरबों डॉलर का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस बीच लंबे समय तक टॉप-10 अरबपतियों में उनके साथ दबदबा बनाए रहे दूसरे भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी संपत्ति के मामले में अब उनके बहुत आगे निकल गए हैं।

Forbes के रियल टाइम बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक गौतम अडानी की नेटवर्थ अब गिरकर 35.3 अरब डॉलर रह गई है। जबकि महीने भर पहले ये करीब 116 अरब डॉलर थी और वे दुनिया के शीर्ष अरबपतियों की लिस्ट में चौथे नंबर पर मौजूद थे। इससे पहले बीते साल 2022 के सितंबर महीने में अडानी की नेटवर्थ उछलकर 150 अरब डॉलर के करीब पहुंच गई थी। इस दौरान वे मुकेश अंबानी से लगभग दोगुने अमीर थे, लेकिन अब अडानी की नेटवर्थ अंबानी की कुल संपत्ति से आधे से भी कम रह गई है।

फोर्ब्स के मुताबिक मुकेश अंबानी 84.1 अरब डॉलर की नेटवर्थ (Mukesh Ambani Net Worth) के साथ अरबपतियों की लिस्ट में आठवें नंबर पर हैं। गौतम अडानी से तुलना करें तो वे अडानी से करीब 48.8 अरब डॉलर ज्यादा अमीर हैं। गौतम अडानी की संपत्ति में बीते एक महीने में रोजाना गिरावट आई है और अभी भी जारी है। उनके शेयरों का मूल्य 85 फीसदी तक कम हो चुका है और ग्रुप का मार्केट कैप भी आधे से कम रह गया है। इन सब कारणों के चलते देखते-ही-देखते वे मुकेश अंबानी से इतना पीछे हो गए हैं। बीते साल ही वे अमीरों की लिस्ट में तेजी से बढ़ते हुए दुनिया के दूसरे सबसे अमीर इंसान बन गए थे. हालांकि, जितना अडानी ने 2022 में कमाया था, बीते एक महीने में ही उन्होंने उससे डबल करीब 81 अरब डॉलर की रकम गंवा भी दी है।

# बेरहम महिला ने पति व दो मासूम बच्चों की कर दी हत्या, आधी रात को सोते समय चाकू से गोदकर मार डाला



**गोरखपुर ( एजेंसी )।** दिल दहलादेने वाली एक घटना में एक महिला ने आधी रात को घर पर सो रहे पति व दो मासूम बच्चों की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। घटना उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के सहबाजगंज की है। शनिवार आधी रात के बाद करीब 1:30 बजे महिला नीलम गुप्ता (32) ने पति अवधेश गुप्ता (35) व उसके दो बच्चों आर्यन (7) और आरो उर्फपीहू (6) की चाकू से गोदकर की हत्या कर दी। आरोपी महिला मृतक अवधेश गुप्ता दोनों ने दूसरी शादी की थी। महिला को अपने दूसरे पति के दोनों बच्चे खटक रहे जिसके कारण उसने इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया।

मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर जिले के सहबाजगंज पुलिस को शनिवार-रविवार की दरमियानी रात महिला ने कॉल पर बताया कि अज्ञात बदमाश उसके घर में घुसकर पति और बेटों को मारपीट रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि अवधेश और उसके दोनों बेटे एक कमरे में खून से लथपथ पड़े हैं। तीनों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया।

घटनास्थल पर की गई छानबीन और पूछताछ में महिला की बातें पुलिस के बनावटी लगी। पुलिस को मौके पर किसी भी दूसरे शख्स की मौजूदगी का सुबूत नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो महिला ने सारा सच उगल दिया। महिला ने हत्या की बात मान ली। इसके बाद पुलिस नेआरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके पास से हत्या में इस्तेमाल चाकू और डंडा भी बरामद कर लिया है।

### प्रापर्टी से बेदखल करने की बात पर कर दी हत्या

पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला नीलम गुप्ता ने बताया कि वह संतकबीर नगर जिले में रहती थी। उसने अवधेश गुप्ता से दूसरी शादी की थी। अवधेश गुप्ता की भी यह दूसरी शादी थी। नीलम गुप्ता को पहली शादी से एक बेटी हुई थी वहीं दूसरे पति से दो बेटे थे। सभी साथ में रहते थे। अवधेश गुप्ता अपनी प्रापर्टी अपने दोनों बेटों के नाम करने की बात करता था जो कि नीलम गुप्ता को ठीक नहीं लगती थी। इसी वजह से उसने पति व उसके दोनों बच्चों को मारने का प्लान बनाया। शनिवार रात को प्लानिंग के अनुसार ही रात जो सोते समय पति सहित दोनों बच्चों को चाकू से गोदकर हत्या कर दी।

## बच्चों का अश्लील विडियो बना कर किया वायरल, पुलिस टीम ने धर-दबोचा, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय एनसीआरबी नई दिल्ली और पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर से प्राप्त चाईल्ड पोर्नोग्राफी के प्रकरण साईबर सेल रायपुर को प्राप्त हुये थे। प्रकरण में अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर कार्रवाई करने के लिए साईबर सेल रायपुर को निर्देश दिया गया था।

रायपुर के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एंटी क्राईम एंड साईबर यूनिट रायपुर की साईबर विंग की ओर से प्रकरण में अज्ञात आरोपी की पहचान किया गया है। आरोपी भूपेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 26 साल निवासी आमापारा बजरंग नगर थाना आजाद चौक रायपुर का रहने वाला है। अपने मोबाईल से बच्चों का अश्लील विडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल किया गया था। जिस पर थाना प्रभारी आजाद चौक के नेतृत्व में थाना आजाद चौक की पुलिस टीम ने आरोपी का पतासाजी कर उसे गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन को घुमना बताया है। जिस पर आरोपी के खिलाफ थाना आजाद चौक में अपराध क्रमांक 27/2023 धारा 67, 67(ए) आईटीएक्ट, 201 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया है। रायपुर पुलिस की ओर से चाईल्ड पोर्नोग्राफी के प्रकरणों में लगातार कार्रवाई की जा रही है, जो भविष्य में भी जारी रहेगी।

Y Fitness
- Gym Servicing
- Gym Equipment & Accessories Available
- Home Treadmill & Gym Service Available

start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### तलवार दिखाकर मोहल्ले में गुंडागर्दी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** शहर में गुंडा बदमाशों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में सुपेला पुलिस ने पांच रास्ता क्षेत्र में तलवार नुमा हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश मोहल्ले के लोगों को हथियार दिखा कर डरा धमका रहा था। इसबीच यह जानकारी पुलिस तक पहुंची और सुपेला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

सुपेला पुलिस ने बताया कि पांच रास्ता सुपेला में मनीष कुमार महार नाम का युवक धारदार हथियार दिखाकर लोगो को डरा धमका रहा था। हाथ में हथियार देख लोग भी सहमें हुए थे। इस बीच बदमाश युवक की शिकायत पुलिस तक पहुंची। सुपेला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर आरोपी मनीष कुमार उर्फ राजा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार तलवार जब्त किया गया है। बदमाश को पुलिस ने पकड़ा तो यह देख मोहल्ले के लोगों ने राहत की सांस ली। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस पूरी कार्रवाई में सुपेला थाना प्रभारी दुर्गेश कुमार शर्मा, उप निरीक्षक लखेश गंगेश, प्रधान आरक्षक पंकज चौबे आदि का विशेष योगदान रहा।



### हत्या के आरोपी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, कुछ दिन पहले ही जमातन पर छूटा था शख्स

**भिलाई।** दुर्ग जिले के जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र में हत्या के आरोपी शख्स ने फांसी लगाकार खुदकुशी कर ली। घटना यहां के सिरसा खुर्द क्षेत्र का है। मृतक शख्स कुछ दिन पहले ही जेल से जमानत पर छूटा था। बताया जा रहा है कि जेल से छूटने के बाद वह काफी गुमशुम रहता था। आज सुबह घर पर उसके कमरे में उसकी लाश फंदे से लटकती मिली। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जेवरा सिरसा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिरसा खुर्द निवासी अलख निरंजन जोशी ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह घरवालों ने कमरे में उसके शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। अलख निरंजन हत्या के आरोप में जेल जा चुका है और करीबन एक साल बाद हाल ही में जमानत पर छूटा था। दरअसल एक बारात में उसने अपने दोस्तों के साथ मारपीट की थी। इससे एक युवक की अस्पताल में मौत हो गई थी। इस मामले पुलिस ने अलख निरंजन सहित उसके दोस्तों को पकड़कर जेल भेज दिया था। परिजनों ने बताया कि जमानत पर छूटने के बाद अलख निरंजन सहज नहीं था और काफी तनाव में रहता था। संभवत: उसने आत्महत्या जैसा कदम भी इसी वजह से उठाया।

पिता ने चना नहीं भूना, तो बेटे ने की हत्या

# खाना बनाने के विवाद में बुजुर्ग पर आरोपी ने कुल्हाड़ी से किया ताबड़तोड़ वार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर (ए)।** सूरजपुर जिले के सिटी कोतवाली इलाके में मामूली विवाद में बेटे ने अपने पिता की कुल्हाड़ी मारकर बेरहमी से हत्या कर दी। पूरा मामला ग्राम पंचायत गेतरा का है, जहां पंडो बस्ती में रहने वाले 70 वर्षीय रामदेव पर शनिवार रात उसके बेटे ने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।



जानकारी के मुताबिक, नशे में धुत बरन सिंह शनिवार रात को अपने घर पहुंचा। यहां उसने अपने पिता को चना भूनने के लिए कहा, इस पर पिता ने उसे डांट दिया। इसके बाद उसने अपने पिता रामदेव से रसोई घर की चाबी मांगी कि वह खुद से खाना बनाकर खाएगा। इस पर पिता ने यह कहकर उसे टाल दिया कि तुम खुद से खाना नहीं बना पाओगे। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। दोनों एक-दूसरे के साथ गालीगलौज करने लगे।

इसके बाद गुस्साए बेटे ने आव देखा न ताव, वहां रखी कुल्हाड़ी से पिता पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोपी ने पिता के सिर पर भी कुल्हाड़ी मार दी, जिससे बुजुर्ग ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के वक्त दोनों बाप-बेटे अकेले थे। बाकी के घरवाले कहीं किसी आयोजन में गए हुए थे। इधर शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे, तो रामदेव को लहूलुहान पड़ा हुआ पाया। ग्रामीणों ने आरोपी बेटे को पकड़ लिया।

लोगों ने पुलिस को तुरंत हत्या की सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, तो लोगों ने आरोपी को उनके हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी नशे में धुत था। उसने कहा कि खाना बनाने के विवाद में उसने अपने पिता की हत्या कर दी। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल में भिजवा दिया गया है। परिजनों और पड़ोसियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। आरोपी बरन सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# चरित्र शंका में पति ने टांगी मारकर कर दी पत्नी की हत्या चंद घंटों में आरोपी गिरफ्तार




श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में चरित्र शंका में पति ने अपनी पत्नी की टांगी मारकर हत्या कर दी। घटना 23 फरवरी की रात की है। हत्या के बाद आरोपी पति फरार हो गया था। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर दूसरे दिन आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना फरसाबहार क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय शख्स अपनी 27 वर्षीय पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। उसे लगता था कि उसकी पत्नी का किसी अन्य के साथ अवैध संबंध है। इसे लेकर दोनों में अक्सर विवाद होता था। 23 फरवरी की रात को भी इनके बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ा तो पति ने घर पर रखे टांगी से पत्नी पर वार कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस धारा 302 के तहत अपराध दर्ज किया और शव को पीएम के लिए भेजा। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए फरसाबहार पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस पूरी कार्रवाई में फरसाबहार थाना प्रभारी ओपी कुजूर, आरक्षक नीरज तिर्की, सुखषरण की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# दो बार खुदकुशी की कोशिश कर चुके कोटवार ने नशे में लगा ली फांसी



**रायगढ़ ( ए )।** शराब के नशे में खुदकुशी की दो मर्तबे कोशिश कर चुके कोटवार ने फांसी लगाते हुए अपनी जिंदगी खत्म कर ली। इसी तरह एक अन्य घटना में कोसना शराब पीकर खेत की तरफ गई महिला की गिरने से मौत हो गई। यह घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र की है। इस संबंध में थाना प्रभारी आरएस तिवारी ने बताया कि लैलूंगा से तकरीबन 35 किलोमीटर दूर ग्राम चिराईखार के कोटवार रूपधर कुजूर 55 वर्ष फांसी में संदिग्ध परिस्थितियों में लटकती लाश पाई गई।

कोटवार ने ऐसा आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका खुलासा नहीं हो पाया, मगर परिजनों के मुताबिक वह शराब पीने का आदी था। मदिरापान कर वह खुदकुशी की नीयत से एक बार कीटनाशक दवा गटक ली, तो दूसरी दफा फांसी भी लगा चुका है। मगर ऐन मौके पर अस्पताल ले जाने से उसकी जान बच गई थी। लेकिन तीसरे मर्तबे उसने सचमुच आत्महत्या कर ली। मृतक कोटवार के बेटे खमती राम कुजूर ने घटना की सूचना पुलिस को दी है।

### कोसना पीकर दिशा मैदान के लिए खेत गई महिला की गिरने से मौत

वहीं दूसरा मामला ग्राम तोलमा का है। यहां जंगल पारा में रहने वाली एतवार बड़ा की 28 वर्षीया बेटी गोमती बड़ा विगत मंगलवार कोसना शराब पीकर घर आई और बाल्टी लेकर दिशा मैदान के लिए खेत की तरफ निकली। इस बीच वह नशे में गिर गई तो खेत गई महिलाओं ने इसकी सूचना परिजनों को दी। गोमती का भाई गणेश खेत में बेसुध पड़ी अपनी बहन को उठाकर घर ले गया, तबतक उसकी सांसों की डोर टूटकर बिखर चुकी थी। मृतिका के भाई गणेश बड़ा ने घटना की सूचना थाने में दी। फ्लिहाल, दोनों मामले में लैलूंगा पुलिस मर्ग कायम कर जांच पड़ताल में जुटी है।

23 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

# जगदलपुर से यूपी कर रहे थे तस्करी, दो आरोपी अरेस्ट

**बिलासपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से गांजा लेकर उत्तरप्रदेश जाने निकले दो तस्करों को बिलासपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी बस से उतरकर ट्रेन पकड़ने के लिए उसलापुर जाने की फिराक में थे। तभी पुलिस ने उनकी संदिग्ध गतिविधियों को देखकर दबोच लिया। उनके पास से 23 किलो गांजा बरामद किया गया है। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है।

एसपी संतोष सिंह पूरे जिले में नशे का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ ऑपरेशन निजात चला रहे हैं। इस अभियान के तहत उन्होंने सभी पुलिस अफसरों व थानेदारों को नशे का सामान बेचने व परिवहन करने वालों की धरपकड़ करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में सिरगिट्टी पुलिस की टीम शुक्रवार की रात पेट्रोलिंग पर थी। उसी समय तिफरा स्थित बस स्टैंड के पास टीम ने अंबे होटल के पास दो युवकों को संदिग्ध रूप से घूमते देखा। उनके पास बैग भी रखा था।

टीआई पौरुष पुर्रे ने बताया कि युवकों को बैग रखकर संदिग्ध रूप से घूमते देखकर संदेह हुआ। बैग की तलाशी लेने पर टीम को गांजा मिला। बैग में 23 किलो गांजा रखा था, जिसे जब्त कर पुलिस दोनों युवकों को पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ करने पर उनकी पहचान अभिषेक कुमार पासवान (20) पिता शत्रुहन निवासी जादोपुर गोपालगंज बिहार और चंदन कुमार पटेल (28) पिता ललन प्रसाद निवासी कररिया गोपालगंज बिहार के रूप में हुई।

# विदेश यात्रा का सपना दिखाकर लोगों से ठगी, तेलीबांधा पुलिस की गिरफ्त में ट्रेवल एजेंट

**रायपुर।** विदेश यात्रा का सपना दिखाकर रायपुर में कई लोगों से ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस के पास एक व्यक्ति ने शिकायत की जिस पर जांच हुई तो ठग कई लोगों को चूना लगा चुका है। इस तरह से उसने पांच लाख से भी ज्यादा की ठगी कर ली। तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी ठग ट्रेवल एजेंट को गिरफ्तार कर लिया है।



तेलीबांधा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विरेश प्रताप नाम के शख्स ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने अपनी शिकायत में बताया कि 1 दिसंबर 2022 को सोहेल शेख नाम के व्यक्ति ने वीरेश को फोन विदेश यात्रा का टूर पैकेज बताया। उसने कहा कि उसकी गो-लेट्स नाम से ट्रैवल एजेंसी है। एजेंसी द्वारा विदेश यात्रा में कई सुविधाएं देती है। फ्लाइट टिकट, होटल बुकिंग और अन्य सभी लग्जरी सुविधाएं दी जाएगी। विरेश ने बैंकॉक का ट्रिप बुक कराया और एक लाख रुपए सोहेल के खाते में ट्रांसफर कर दिया।

जब विरेश ने सोहल को बताया कि उसने रुपए ट्रांसफर कर दिए हैं तो वह मुकर गया और कहा कि उसके खाते में पैसे नहीं आए। इसके बाद विरेश ने दोबारा पैसे ट्रांसफर किए। अब विरेश ने पुराने ट्रांसफर किए पैसे मांगे तो सोहेल ने देने से मना कर दिया और कहा कि जो करना कर लो। इसके बाद विरेश थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद तेलीबांधा पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि सोहेल इसे पहले भी कई लोगों को चूना लगा चुका है। अब तक पुलिस को सोहेल द्वारा विदेश यात्रा का लालच देकर पांच लाख से ज्यादा की वसूली की बात पता चली है। पुलिस ने आरोपी सोहेल को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

# घर पर होने वाली थी ड्राइविंग लाइसेंस की डिलीवरी यूपीआई पेमेंट के जरिए 98 हजार की ठगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर में एक शख्स 98 हजार रुपए की धोखाधड़ी का शिकार हो गया। दरअसल यह शख्स अपने ड्राइविंग लाइसेंस की डिलीवरी के इंतजार में था। इसके लिए वह अपने मोबाइल के जरिए डिलीवरी मेन को ट्रैक कर रहा था। इस दौरान अंजान शख्स का फोन आया और उसने लोकेशन नहीं मिलने की बात कहते हुए एक फॉर्म ऑनलाइन भेजने के नाम पर 2 रुपए यूपीआई के जरिए पेमेंट कराया। इसके बाद शख्स के खाते हुए 98 हजार से ज्यादा ट्रांसफर हो गए। जब शख्स को इसकी जानकारी मिली तो उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में भिलाई भट्टी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।



मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-2 निवासी घनानन्द त्रिपाठी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि उनका ड्रायविंग लायसेंस आने वाला था जिसको वेअपने मोबाइल फोन से ट्रैक कर रहा था। इस बीच 30 जनवरी उने मोबाइल पर एक लिंक आया जिसके साथ लिखा था कि आप अपने ड्राइविंग लाइसेंस को यहां से ट्रैक कर सकते हैं। लिंक खोलने पर उसमें मो नं 8252652702 लिखा था। घनानंद ने अपने मोबाइल नंबर 7587144922 से 8252652702 मे फोन किया तो सामने वाले ने कहा कि उन्हे उसका लैंडमार्क नहीं मिल रहा है।

इसके बाद सामने वाले कॉलर ने कहा एक फॉर्म भेज रहा हूं जिसकी कीमत 2 रुपए है। कॉलर फार्म भर कर मेरे मोबा नं 8252652702 पर UPI के जरिए 2 रुपए भेजने कहा। इस पर घनानंद ने वैसा ही किया लेकिन पेमेंट फेल हो गया। इसके बाद दूसरे दिन 31 जनवरी को घनानंद के सेक्टर-1 स्थित एसबीआई के बैंक खाते 10621686409 से दो बार मे 89999/- एवं 9999/- रुपए कुल 99,998/- रुपए ट्रांसफर हो गए। यह रुपए खाता क्रमांक 303110926702 में ट्रांसफर हो गए। यह खाता विजय उत्तम राव नाम के व्यक्ति का है। घनानंद ने बताया कि उसने किसी को भी रुपए ट्रांसफर नहीं किए थे। घनानंद ने पुलिस को बताया 8252652702 धारक ने ही धोखे से उनके रुपए ट्रांसफर कराए हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्मः जीजा और साले को आजीवन कारावास

**रायगढ़ ( ए )।** एक परिचित परिवार की नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले जीजा-साले को घरघोड़ा कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा दी है। वारदात दो साल पहले 2021 को होली के एक दिन पहले 28 मार्च की है। कापू पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म के साथ पॉक्सो की धारा के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था। अपर जिला और सत्र न्यायाधीश अच्छेलाल काछी ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों को दुष्कर्म का दोषी करार दिया।

धरमजयगढ़ का राजू सारथी अपने बड़े साले कलेश्वर नाग के साथ बाइक पर 28 मार्च 2021 को कापू गया। यहां दोनों एक परिचित के घर होली खेलने गए। नाबालिग घर पर थी। परिवार में सभी पुरुषों को अतिथियों के साथ शराब पीता देख किशोरी बाहर निकल गई। राजू और कलेश्वर जब शराब पीकर बाहर निकले तो नाबालिग से बाइक पर चलने को कहा। परिचित जानकर वह साथ चली गई। दोनों ने बस्ती से दूर ले जाकर बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

# होली के लिए भिलाई में तैयार हो रहा हर्बल रंगीन गुलाल, कई जिलों से मिल रहे ऑर्डर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के शहरी गौठान में हर्बल युक्त गुलाल तैयार किया जा रहा है। होली पर्व को देखते हुए महिलाएं इस कार्य में जुट गई है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिलाओं ने हर्बल गुलाल तैयार करने का काम प्रारंभ कर दिया है। अलग-अलग प्रकार के रंगो के गुलाल तैयार किए जा रहे हैं। प्रारंभिक तौर पर लाल, पीला, हरा, संतरा, नीला, गुलाबी, रंग के गुलाल अभी उपलब्ध है। हर्बल गुलाल के लिए डिमांड भी अन्य जिलों से आ चुके हैं जिसके तहत रायपुर से हर्बल गुलाल की बुकिंग हो चुकी है इसके अलावा नगपुरा एवं रिसाली क्षेत्र सहित अन्य इलाकों से भी आर्डर प्राप्त हो चुके हैं।

महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई के गौठान में अलग-अलग गतिविधियां अपनाई जा रही है, जिसके तहत आगामी होली पर्व को देखते हुए गुलाल बनाने का काम महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है। प्राकृतिक फूल जैसे गेंदा, गुलाब, सेवंती तथा सब्जी जैसे कि पालक, धनिया, चुकंदर ऐसे प्राकृतिक चीजों से हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है।

### 15 किलो गुलाल बनकर तैयार

डिमांड के मुताबिक 15 किलो का गुलाल तैयार हो चुका है और होली त्यौहार के मद्देनजर 200 से अधिक किलो की हर्बल गुलाल बनाने की तैयारी महिलाओं के द्वारा की जा रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक हर्बल गुलाल तैयार करने का लक्ष्य महिलाओं के द्वारा रखा गया है। इसके लिए अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं नोडल अधिकारी प्रीति सिंह के निर्देशन पर आशीर्वाद स्व सहायता समूह कोहका की महिलाएं जिसमें पूनम साहू, गीता सुमित्रा देवांगन, तरुण जंघेल जागेश्वरी ठाकुर, संगीता वर्मा आदि लगी हुई है।



### गुलाल बनाने अखरोट का इस्तेमाल

गुलाल बनाने के लिए अखरोट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। एक पैकेट की कीमत भी कम रखी गई है। जो कि मार्केट के मुकाबले में उचित दर पर उपलब्ध है। हर्बल गुलाल बिना कोई नुकसान पहुंचाए चेहरे के लिए उपयोगी होती है। महिलाओं ने बताया कि यह फेस पैक का भी काम करती है। सहायक परियोजना अधिकारी फणिंद्र बोस ने जानकारी देते हुए बताया कि इस गुलाल को शहरी गौठान से प्राप्त किया जा सकता है। डिमांड को देखते हुए पहले ही इसके लिए बुकिंग कराना उचित होगा ताकि इस आधार पर महिलाएं उचित मात्रा में हर्बल गुलाल तैयार कर सकें। हर्बल गुलाल की काफी मात्रा में मांग होती है। लोग दूर दराज से भी इसकी बुकिंग कराते हैं। प्राकृतिक चीजों से हर्बल गुलाल बनाने की तैयारियां होती है जिसको देखते हुए दिन-ब-दिन हर्बल गुलाल की डिमांड बढ़ते जा रही है। गुलाल बनाने के कार्य की नगर निगम भिलाई द्वारा लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

## खास - खबर



### अधिवेशन में शामिल होने रायपुर जा रहे कांग्रेसियों की बस का एक्सीडेंट, 15 नेता घायल

**भिलाई।** राजधानी रायपुर में चल रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने जा रहे है कांग्रेस नेताओं की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में हाइवे पर हुई। हादसे में लगभग 15 कांग्रेसी नेताओं को चोट आई है। सभी को पास के सनसाइन हॉस्पिटल में ले जाया गया जहां सभी की हालत सामान्य है।

पुरानी भिलाई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर 1 बजे भिलाई से लगभग 40 कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने जा रहे थे। दोपहर एक बजे भिलाई तीन में नेशनल हाइवे पर कांग्रेस नेताओं को ले जा रहे बस चालक ने सामने से जा रही दूसरी बस को पीछे से टक्कर मार दी। इससे बस के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और बस में सवार लगभग 15 कांग्रेस नेताओं को सामान्य चोट आई जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया।

### मच्छर उन्मूलन तथा लार्वा के खात्मा के लिए चलेगा एक मार्च से विशेष अभियान

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत डाटा सेंटर में आयोजित बैठक में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने मलेरिया अधिकारों डॉ. सीबीएस बंजारे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,उपआभियन्ता मोहित मरकाम व जिला चिकित्सालय, सफाई दरोगा एवं सुपरवाइरो के साथ विशेष बैठक ली।मलेरिया से बचाव जनजागरूकता अभियान को लेकर अभी से प्लानिग करने के आवश्यक दिशा निर्देश जैसे तमाम विषयों एवम लार्वा के खात्मे के लिए तथा मच्छर उन्मूलन के लिए 1 मार्च से विशेष अभियान चलाया जाएगा। निगम क्षेत्र के तालाबों में तथा जलजमाव वाले बड़े स्थानों में गम्बूजिया मछली भी छोड़ी जाएगी।लार्वा को नष्ट करने तथा मच्छर उन्मूलन के लिए मितानिन एवं नगर निगम स्वास्थ्य विभाग,जिला चिकित्सालय मलेरिया के टीम इसके लिए सर्वे भी करेंगे। टायर, कूलर एवं जलजमाव वाले सभी पात्रों का निरीक्षण करेंगे। घरों में लार्वा की समाप्ति के लिए टेमीफास का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही एडल्ट मच्छर के उन्मूलन के लिए फागिंग की जाएगी। बैठक में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा ऐसे पौधे जिनकी गंध से मच्छर नजदीक नहीं आते जैसे कि तुलसी, कृष्णा,तुलसी, पुदीना, ऑडोमॉस, गेंदा आदि लगाया जाए।

# नेहरू नगर में नगर निगम भिलाई के दो सब इंजीनियर्स के घर लाखों की चोरी

## सुपेला पुलिस ने शुरू की जांच, चोरी का सीसी टीवी फुटेज भी बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नेहरू नगर में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। नगर निगम भिलाई में पदस्थ दो सब इंजीनियरों के घर पर चोरों ने धावा बोला। दोनों घरों से लाखों रुपए की चोरी हुई। दोनों ही घरों में कोई नहीं था इसका फायदा चोरों ने उठाया। घटना की जानकारी शनिवार शाम को घर वालों को पता चला। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।





मिली जानकारी के अनुसार चोरी की यह घटना भिलाई निगम की सब इंजीनियर रीमा जांबुलकर व आर रमन शर्मा के घर पर हुई है। इस चोरी के संबंध में सब इंजीनियर रीमा जांबुलकर ने बताया कि घटना 24 व 25 फरवरी की दरमियानी रात की। वे अपने मायके चरोदा गई थी। पेड़ों पानी देने के लिए कामवाली को चाबी दे दिया था। 25 फरवरी की शाम को पता चला कि उनके पड़ोस में रहने वाले सब इंजीनियर के घर पर चोरी हुई है। इसके बाद रीमा जांबुलकर भी अपने पति के साथ अपने घर पहुंची तो देखा कि गेट का ताला लगा था। घर के अंदर पहुंचे तो अलमारी खुला था और पूरा सामान बिखरा पड़ा था। सब इंजीनियर रीमा जांबुलकर ने बताया कि उनके घर से लगभग 15 तोला सोना व डेढ लाख के करीब कैश गायब है।

इसी प्रकार सब इंजीनियर आर रमन शर्मा ने बताया कि वह 18 फरवरी से अपनी बहन के घर कवर्धा गया हुआ था। 25 फरवरी की शाम को घर पर काम करने वाली बाई ने बताया कि आपके घर का ताला टूटा हुआ था। सूचना के बाद घर पर पहुंचा। इसके बाद देखा कि दो घरों में चोरी हुई। आर रमन शर्मा ने बताया कि उनके घर पर 15 लाख रुपए कैश रखा था जो उसने मकान बनाने के लिए रखा था जो उनके पिताजी के रिटायरमेंट का पैसा था। चोरों ने पूरा कैश पार कर दिया है।

### पुलिस ने शुरू की जांच



इस मामले में सुपेला थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा ने बताया कि शनिवार शाम को पुलिस को सूचना मिली कि नेहरू नगर के दो मकानों में चोरी हुई है। मौके पर जाकर शुरूआती जांच की गई है। दोनों घर आपस में लगे हुए हैं। यह दानों आवास भिलाई निगम में पदस्थ संब इंजीनियर आर रमन शर्मा व रीमा जांबुलकर को आबंटित हैं। रीमा जांबुलकर के घर से ज्वेलरी व कैश गायब है और रमन शर्मा के घर से कैश चोरी हुआ है। पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज बरामद किया है।जिसमें आरोपी गेट फांदता दिख रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना की शिकायत पुलिस को दी गई। दोनों घरों की चोरी के मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# आगजनी से प्रभावित लोगों के लिए भिलाई निगम ने लगाया शिविर



### आधार कार्ड से लेकर राशन कार्ड बनाने लगाया शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आगजनी से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कैंप का आयोजन भिलाई निगम द्वारा किया जा रहा है। आगजनी से प्रभावित ऐसे लोग जिनके दस्तावेज जल गए थे उनके लिए विशेष शिविर का आयोजन स्थानीय विधायक, महापौर नीरज पाल, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अधिकारियों ने आयोजित किया। इसमें सभी आगजनी से प्रभावित परिवारों के सदस्यों के लिए आधार कार्ड बनवाने, राशन कार्ड बनवाने तथा खुद का पक्का आवास दिलाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में परिवार के सदस्यों ने योजनाओं का लाभ उठाया। गौरतलब है कि जिस दिन से आगजनी की सूचना प्राप्त हुई थी उसी दिन से स्थानीय विधायक, महापौर एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर राहत कार्य प्रारंभ किए थे। इसी के तहत प्रभावित परिवारों का हर संभव मदद का प्रयास किया जा रहा है। इन्हें भोजन सहित बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की गई है, प्रतिदिन जरूरत की सामग्री भी इन्हें दी गई है। इन्हें आवास दिलाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो बार कैंप आयोजित किया गया है। इसके अलावा आधार कार्ड एवं राशन कार्ड आदि बनवाने के लिए भी कैंप लगाया गया है।

# समझाइश का असर नहीं, निगम ने जेल तिराहा सुआ चौक से हटाया अतिक्रमण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत सुआ चौक जेल तिराहा के करीब सड़क किनारे गौरवपथ से लगे अवैध कब्जा कर पौधा व गमला बेचने वालों के कारण नागरिको को आवागमन में बाधा पहुचती है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर अतिक्रमण प्रभारी ने सड़क घेरकर पौधा बेचने वालों को आज शाम तक अंतिम चेतवानी देते हुए हटाने को कहा गया। सड़क किनारे कब्जाधारियो को समझाइस का असर नही हुआ तो निगम अतिक्रमण टीम लेकर पहुँची कार्रवाही करते हुए सुवा चौक,जेल तिराहा से गमले,गौरवपथ पर बिखरे हुए पौधे सहित अन्य सामाग्री को हटवाकर जब्त किया गया।अधिकारियों ने कहा कि चौक चौराहों पर सड़क घेरकर व्यवसाय नही करेंगे, आगे ओवरब्रिज के सामने खाली जगहों में अपना गमले पौधे समेटकर वहाँ अपना दुकान लगाए। आयुक्त ने अधिकारियों को निदेर्शित किया कि सुआ चौक,जेल तिराहा, चौक चौराहों सहित बाजार के क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखें,शहर के मुख्य मार्ग मुख्य बाजार पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने निगम द्वारा महाराजा चौक,उतई स्टैंड चौक के अलावा सड़क किनारे, चौक चिराहो से ठेले खोमचे को व्यवस्थित करने की कार्रवाही करने के निर्देश दिए।सड़क किनारे लोग चाय ठेला, फल ठेला,सब्जी पसरा,खोमचा आदि लगाकर कारोबार कर रहे हैं। इसकी वजह से आवागमन में लोगो को दिक्कत हो रही है साथ ही साथ यातायात भी बाधित हो रहा है। अधिकारियों में शिव शर्मा,दुर्गेश गुप्ता,मनोहर गोस्वामी,ईश्वर वर्मा सहित टीम ने सड़क से कब्जेधारिओ को हटाया और दोबारा अतिक्रमण किए जाने पर कड़ी कार्रवाही कर सामान जब्ती की जाएगी।



## रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन का 54 वां तीन दिवसीय वार्षिक अधिवेशन शुरू

# जनता को सरकार के विरोध का पूरा अधिकार: कनक

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। रायपुर डिवीजन इन्श्योरेन्स एम्पलाइज यूनियन का 54 वॉ तीन दिवसीय वार्षिक अधिवेशन शनिवार को इस्पात नगरी भिलाई स्थित छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के प्रियदर्शनी परिसर नेहरू नगर स्थित भवन में आरंभ हुआ।




अधिवेशन का आगाज पूरे रायपुर मंडल से पहुंचे सैकड़ों बीमा कर्मियों ने रैली के साथ किया। अधिवेशन स्थल भवन से निकली इस रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुए। बीमा उद्योग के निजीकरण, महंगाई, बेरोजगारी, सांप्रदायिकता व संविधान पर जारी हमलों के खिलाफ यह रैली निकाली गई। खुली सभा के मुख्य अतिथि व उद्घाटनकर्ता प्रख्यात अधिवक्ता, लेखक एवं विचारक कनक तिवारी ने कहा कि आम जनता से इस देश की मालिक है एवं आम नागरिकों को सरकार के विरोध का अधिकार है।

उन्होंने कहा कि यह भारत स्वतंत्रता आंदोलन के शहीदों का के सपनों का भारत नहीं है। देश के शहीदों ने न्याय व समानता घर आधारित समरसता पूर्ण समाज की कल्पना की थी। तमाम असहमतियों के बावजूद नेहरू सरकार ने एक धर्म निरपेक्ष भारत तथा सार्वजनिक उद्योगों की प्रधानता पर आधारित मिश्रित अर्थव्यवस्था का विकास किया था। लेकिन आज मोदी सरकार अंधाधुंध निजीकरण, सांप्रदायिक हथकंडों व कारपोरेट घरानों को छूट देकर देश को बर्बादी की ओर धकेल रही है।

अधिवेशन के विशेष अतिथि सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के महासचिव धर्मराज महायान ने आम जनता को आश्वस्त किया कि एलआईसी में पॉलिसी का पैसा पूर्णतः सुरक्षित है। बीमा कर्मियों का आंदोलन आम जनता के हितों की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध है। एलआईसी शेयर बाजार में चूकि दीर्घकालिक निवेश करती है इसलिये बाजार के तात्कालिक उतार-चढ़ाव उसके लिए चिंताजनक नहीं है।

उन्होंने एलआईसी सहित समस्त सार्वजनिक उद्योगों के निजीकरण के खिलाफ जारी संघर्ष को मजबूत बनाने का आह्वान किया। शुरूआत में स्वागत समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार/लेखक मुहम्मद जाकिर हुसैन ने अधिवेशन की सफलता की कामना करते हुए सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण और भविष्य की परिस्थितियों पर अपनी बात रखी। अधिवेशन को सीटू नेता एसपी डे एवं एक्टू नेता बृजेन्द्र तिवारी ने संबोधित करते हुए लोकतंत्र को बचाने व्यापक संयुक्त आंदोलन छेड़ने का आव्हान किया।

# डॉ खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि पर भिलाई तीन कॉलेज में एसआर हॉस्पिटल ने लगाया नि:शुल्क हेल्थ कैंप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** डॉ.खूबचंद बघेल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर पुरानी भिलाई डॉ. खूबचंद बघेल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई - 3 में अध्ययनरत छात्र छात्राओं व स्टाफ हेतु नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चिखली दुर्ग के डॉक्टरों एवं उनकी टीम द्वारा नि:शुल्क सेवाएं प्रदान की गई शिविर में नेत्र परीक्षण, सामान्य परीक्षण बल्ड प्रेशर शुगर सहित अन्य कई जांच भी किया गया। शिविर मे महाविद्यालय की छात्राओ का परीक्षण डां स्वेता रानी प्रसाद (स्त्री रोग विशेषज्ञ) द्वारा किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.खूबचंद बघेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसआर हॉस्पिटल के चेयरमैन श्री संजय तिवारी थे उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ खूबचंद बघेल छत्तीसगढ महतारी के लाल है । वे एक महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी थे द्य साथ ही महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना की।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.रीना मजूमदार ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को डॉ खूबचंद बघेल के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. दीप्ति बघेल ने डॉ. खूबचंद बघेल के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। बताया कि डॉ खूबचंद बघले जी ने समाज सुधार हेतु कई नाटको की रचना की।

रेड क्रॉस सोसाइटी समिति की प्रभारी एवं कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शीला विजय ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऐसे कार्यक्रमो के द्वारा युवा पीढी को हमारे महापुरुषों के महान व्यक्तित्व की जानकारी मिलती है। उन्होंने जानकारी दी कि शिविर में 250 छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि जनभागीदारी समिति के सदस्य असित यादव, शीतल यादव, राज कुमार एवं पंकज टंडन उपस्थित थे। एसआर हॉस्पिटल के डॉ छाया भारती द्वारा स्वस्थ रहने के टिप्स दिए गए। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ छाया भारती (रेटीना सर्जन) डॉ स्वेता रानी प्रसाद (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ नीलम चन्द्राकर डॉ शिव पटेल चन्दसेन राठौर प्रेम चन्द्राकर सिरीन संत श्रीमती सीमा शर्मा रेखा पारकर ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन उमा आडील द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# संयंत्र कर्मी व अंचल के प्रतिष्ठित कलाकार केके पाटिल की कृति का हुआ विमोचन

## पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के नागार्जुन हाल में विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** वर्तमान में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मार्स-2 में चार्जमेन के पद पर कार्यरत कृष्ण कुमार पाटिल, प्रदेश के प्रतिष्ठित कलाकरों में शामिल हैं। हाल ही में अंचल के इस सुप्रसिद्ध कलाकार कृष्ण कुमार पाटिल ने छत्तीसगढ़ी साहित्य में अपनी नई पुस्तक जय छत्तीसगढ़ दाई के जरिये एक नया आयाम जोड़ा है। विगत दिनों इस पुस्तक का विमोचन छत्तीसगढ शासन के राजभाषा विभाग के तत्वाधान में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के नागार्जुन हाल में किया गया।



इस पुस्तक का विमोचन राजभाषा विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारियों और मूर्धन्य साहित्यकारों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस पुस्तक की विशेषता है कि इसमें छत्तीसगढ़ी भाषा में छोटा ख्याल एवं ठुमरी रचनाएं प्रकाशित है जो कि छत्तीसगढी साहित्य के लिए विशेष महत्व रखता है। श्री के के पाटिल छत्तीसगढ़ी भाषा में विगत 25 वर्षों से छोटा खयाल एवं ठुमरी का गायन एवं लेखन कर रहे हैं।

केके पाटिल गायन, वादन एवं लेखन तीनों विधा में अच्छी पकड़ रखते हैं। वे आकाशवाणी दूरदर्शन के नियमित गजल, भजन एवं लोकगीत के गायक हैं। वे देश-प्रदेश के साथ-साथ विदेश में भी गायन, वादन कर चुके हैं। गायन के साथ-साथ वे देश के प्रसिद्ध हारमोनियम वादक भी है। गजल, ठुमरी एवं हारमोनियम वादन में दिल्ली के पंडित अवधनारायण मलिक एवं नागपुर के पंडित प्रभाकर धाफ्ड़े से उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं। केके पाटिल ने संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) एमएम गद्रे को अपनी नई पुस्तक जय छत्तीसगढ़ दाई भेंट की। गद्रे ने पाटिल को बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950